52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.0 °c | अधिकतम 24.3 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:54 सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 329 बृहस्पतिवार, 28 नवम्बर 2024 मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

जीतना और हारना यह आपकी सोच पर निर्भर करता है। मान लो तो हार होगी और ठान लो तो जीत होगी।

संभल में दंगा भड़काने के लिए अखिलेश यादव पर मुकदमा दर्ज हो : आचार्य प्रमोद कृष्णम

ऐसा हुआ तो संसद कैसे चलेगी?.....

चालान कटने से व्यापारी तंग, बोले-ग्राहक नहीं आएगा तो दुकानें कर देंगे बंद

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। 2027 का चुनाव कब आकर खड़ा हो जाएगा, यह पता भी नहीं लगेगा। ढाई साल की सरकार हो चुकी है, ढाई साल बाकी हैं, मगर सत्ताधारी जनता की अनदेखी करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वैसे तो भाजपाइयों के बारे में यही कहा जाता है कि इनके बसका सत्ता चलाना है ही नहीं, मगर जब 10-10 साल सत्ता में काबिज होते हो जाएं तो जनता फिर यही सवाल खड़े करती है कि क्या अब भी तुम्हारे बसका कुछ नहीं है। जी हां, ऐसे ही सवाल प्रदेश न सही मगर मुजफ्फरनगर जिले की जनता तो साफतौर पर कर रही है। दिन निकलता नहीं, ट्रैफिक विभाग चौराहों की ड्यूटी संभालने के बजाए प्रत्येक अन्धे से अंधे व्यक्ति को भी ट्रैफिक विभाग के नुमाइंदे चालान काटते दिखाई पड़ते हैं, मगर बड़ी बात यह है कि कई बार शिकायतें करने के बाद भी सत्ताधारी नेताओं की आंखे नहीं खुलती और कभी-कभी खुलती भी हों तो सत्ता का नशा ही ऐसा होता है, कुछ दिन खुलने के बाद फिर बंद हो जाती हैं। नगर के व्यापारी आए दिन यह शिकायत करते करते तंग आ चुके हैं, कि हरेक चौराहे पर जिस तरह से झपट्टा मारकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को घेरकर चालान काट रहे हैं, ऐसे हालातों में दुकानों पर ग्राहक आना बंद हो गया है। किसी नेता को इन बातों के साक्षात्कार करने हों तो वह रूबरू व्यापारियों के बीच जाकर बात कर सकते हैं। हालांकि नेताओं को पता सबकुछ है मगर जब तक मोदी-योगी के नाम पर वोट मिल रहे हों तो स्थानीय नेताओं को कहां कुछ करने की जरूरत है, मगर हालात ऐसे ही रहे तो जल्द ही 2027 में जनता योगी-मोदी के नुमाइंदों को एक सिरे से नकार देगी। पहले ही इस जिले से जनता चार विधानसभाओं व एक सांसदी को पूरी तरह नकार दिया है। बस शहरी सीट हाथ से जानी बाकी रह गयी है। शायद यह सीट जाने के बाद ही भाजपाइयों की आंख खुलेगी। सिर्फ सत्ताधारी नेता ही नहीं भाजपा के संगठन के लोग भी इन सब बातों को नजरअंदाज फिलहाल बड़ी आसानी से कर रहे हैं, मगर इसका खामियाजा उन्हें भी बराबर का भुगतना होगा।

क्या इस सरकार के अलावा भी किसी और सरकार में इतने चालान कटते देखे हैं ?

मुजफ्फरनगर। सरकारें तो बुजुर्गों ने सब तरह की देखी होंगी मगर आज साफ देखने को मिलता है कि इसी शासन में उसी वोटर का उत्पीड़न हो रहा है, जिस वोटर तन,मन, धन समर्पित करके ये सरकारें दी हैं। कहीं रोड टैक्स के नाम पर, कहीं टोल टैक्स के नाम पर आम उपभोक्ता तो टैक्स देता ही है साथ ही साथ मामूली सी गलती पर अब मुजफ्फरनगर जैसे छोटे शहरों में भारी भरकम टैक्स वसूली चालान के माध्यम से की जा रही है। ट्रैफिक विभाग ने तो त्यौहार पर दीपावली की भी शर्म नहीं की थी और 15 से 20 दिनों के बीच 16 से 20 लाख रुपये तक के चालान मुजफ्फरनगर में ही काटे गए थे। यदि पिछल्ली सरकारों का कोई रिकॉर्ड किसी नेता अथवा अधिकारी के पास हो तो वह यह रिकॉर्ड जरूर दिखाए कि इससे ज्यादा वाहनों के चालान कौन सी सरकार मे मुजफ्फरनगर जैसे छोटे जिले में काटे गए हैं। सर्वाधिक चालान इसी सरकार में होते दिखाई देंगे।

व्यापारी हैं चालान कटने से तंग, तुम्हें ही अपनी दुकानों के शटर करने पड़ेंगे बंद

मुजफ्फरनगर। आए दिन व्यापारी अलग अलग स्थानों पर अपनी शिकायत दर्ज कराता दिखता है, मगर रोजाना बेवकूफ बनाने वाले नेता डायलॉग मारते दिखाई देते हैं कि जल्द ही तुम्हारी समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन अरसा बीत जाता है पात ढाक के तीन ही रहते हैं। हंसी तो तब आती है, जब नेता यह कहते हैं कि अपने या ग्रामीणों के चालान कटने का कोई सुबूत भी तो दो। आम जनता और व्यापारी खुद नेताजी के पास सुबूत भी भेज देते हैं, मगर नेताओं से होता कुछ नहीं। ऐसे में व्यापारी को खुद ही समझ लेना चाहिए कि आखिर जनपद के अधिकारियों और खुद नेताओं के बीच कैसा तालमेल है। व्यापारी और आम जनता को फोनों पर कड़ी फटकार नेता अधिकारियों को खूब लगाते हैं मगर पात फिर भी ढाक के तीन ही रह जाते हैं। ना आम जनता की सुनवाई न व्यापारी की सुनवाई। ऐसे में व्यापारियों को अपनी ताकत का एहसास खुद ही कराना होगा। जिन कामों से वे पीड़ित हैं, किसी दिन मन को कठोर करके अपने रोजगार का नुकसान करके दुकानों के शटर बंद करने होंगे। आज नहीं तो कल करना तो यही पड़ेगा नहीं तो व्यापारी और आम जनता बस इधर-उधर नेताओं की बुराई करते रहेंगे, हासिल कुछ नहीं होने वाला।

सीएमओ पर आशाओं ने लगाए गंभीर आरोप

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। सम्भवतः सीएमओ महावीर सिंह फौजदार को भी ऐसी उम्मीद नहीं होगी कि रिटायरमेंट से पूर्व आशाओं उनकी ऐसी फजीहत कर डालेंगी। दरअसल बुधवार को शाम एकाएक दर्जनों की संख्या में आशाएं जिला चिकित्सालय पहुंची और अपनी सेवाएं देने से साफ इंकार कर दिया। मीडिया ने जब आशाओं से सवाल पूछा कि एकाएक ऐसा क्या हो गया है जो उन्होंने जिला चिकित्सालय में धरना देते हुए अपनी सेवाओं से इंकार कर दिया। तो आशाओं ने बताया कि सीएमओ महावीर सिंह फौजदार ने अपने रिटायरमेंट का लाभ उठाते हुए मखियाली सीएचसी के डॉक्टर से पैसा लेकर उनका तबादला कर दिया है। आशाओं का कहना था कि यह पहली बार नहीं है हर दूसरे तीसरे महीने यही खेल चल रहा है। ऐसे में आशाएं ही किस प्रकार मखियाली सीएचसी में अपनी सेवाएं दे पाएंगी। उन्होंने बिना किसी भय के खुलकर मीडिया के सामने महावीर सिंह फौजदार की पोल खोल दी। हालांकि आरोप लगने के बाद भी शासन इस मामले में कुछ नहीं कर पाएगा क्योंकि ऐसी शिकायतें तो शासन के पास खूब जाती हैं, मगर शासन डॉक्टर न होने की मजबूरी बताते हुए किसी भी कार्यवाही से कन्नी काट लेता है। मगर यह बात अपने आपमें बेहद शर्मनाक है कि दर्जनों आशाएं सड़कों पर उतरकर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अहम पद पर विराजमान सीएमओ पर आरोप लगाती हैं कि सीएमओ भ्रष्टाचारी हैं और उसके बाद भी शासन सिर्फ उनके रिटायरमेंट का इंतजार देखता है। हालांकि सीएमओ के अतिरिक्त भी कई बार कई डॉक्टरों पर भ्रष्टाचार के खुले आरोप लग चुके हैं, मगर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती। स्वयं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर चुके हैं, मगर उनके आने से पूर्व ही सबके मुंह बंद करने के अपने-अपने तरीके अपना लिये जाते हैं। एक बार तो हंसी का पात्र नगर के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को तब बनना पड़ा जब निरीक्षण के नाम पर पहुंचे अस्पताल में अभी घुसे ही थे कि खुलकर मरीज के तीमारदारों ने बताया कि यहां डॉक्टरर 200-300 रुपये लिए बिना कोई सहूलियत नहीं देते। हालांकि उक्त मामले में हाथोंहाथ कार्यवाही को अंजाम दिया गया था, बावजूद उसके भी जिला चिकित्सालय में खुलकर भ्रष्टाचार की शिकायतें लखनऊ तक गूंजी थी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया भ्रष्टाचार को सस्ता आरोप

मुजफ्फरनगर। सीएमओ महावीर सिंह फौजदार पर जब आशाओं ने खुलकर आरोप लगाए और मीडियाकर्मियों ने इन आरोपों पर सीएमओ महावीर सिंह फौजदार से सवाल किये तो उन्होंने बड़े सहज अंदाज में कहा कि इस तरह के आरोप तो आए दिन लगते ही रहते हैं। यह सस्ते आरोप हैं। सीएमओ महावीर सिंह फौजदार ने कहा कि लगाए गए आरोपों का कोई प्रत्यक्ष प्रमाण किसी के पास नहीं है, यह सिर्फ काल्पनिक बातें हैं और इन बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

पत्नी साक्षी के साथ मेरठ पहुंचे महेंद्र सिंह धोनी

मेरठ, 27 नवंबर (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मंगलवार को पत्नी साक्षी के साथ मेरठ पहुंचे। यूएसए बेस सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कंपनी के थापर नगर

निवासी एमडी की भतीजी के संगीत समारोह में वे शामिल हुए। धोनी इस कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं। साथ ही लड़की पक्ष साक्षी के रिश्तेदार भी हैं। इनके अलावा पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने भी इस समारोह में शिरकत की। संगीतकार जोड़ी सलीम-सुलेमान ने भी अपने संगीत का जादू बिखेरा। समारोह बाईपास स्थित एक रिजॉर्ट में हुआ। धोनी के साथ परिवार वालों में फोटो खिंचवाने के लिए होड़ रही। हालांकि धोनी ने क्रिकेट को लेकर को कोई बात नहीं की। महेंद्र सिंह धोनी पत्नी संग देर रात तक कार्यक्रम में मौजूद रहे। धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हालांकि वह आईपीएल खेलते हैं।

जनता के पास समाधान नहीं, तख्ता पलट तो एक दिन का काम है

मुजफ्फरनगर। आम जनता योगी-मोदी की ईमानदारी और उनकी कर्मठता पर फिदा है, जिसका लाभ भाजपा नेता हर बार चुनाव में वोट बैंक के रूप में ले रहे हैं, मगर अब आम जनता धीरे-धीरे त्रस्त हो रही है। सिर्फ चालान काटने की ही नहीं अन्य कई समस्याओं से प्रदेश की जनता जूझ रही है। समस्याओं का जिक्र करेंगे तो शायद लिस्ट छोटी पड़ जाएगी। कहीं बिजली के बिलों की मार, कहीं जीएसटी की तकरार तो कहीं सड़कों पर चलने के लिए मारामारी, गड्ढ़ेदार सड़कें, न बिजली न पानी बद से बदतर इंतजामों के बीच भी भाजपा का वोटर मोदी-योगी के कामों को नमन करते हुए उन्हें वोट करता दिखाई देता है, मगर अब यह खेल ज्यादा दिन चलने वाला नहीं दिखता। कब तक सिर्फ हिन्दुत्व के नाम पर आम जनता योगी और मोदी के नेताओं के पेट भरती रहेगी और बदले में उसे विकास कार्यों व अन्य उत्पीड़न के लिए सत्ताधारियों से रोज न्याय की भीख मांगनी पड़ेगी। जल्द ही स्थानीय सत्ताधारी नेताओं की खुमारी पूरी तरह उतर जाएगी।

नेतन्याहू ने की लेबनान से युद्धविराम समझौते की पुष्टि

यरुशलम 27 नवंबर (वार्ता) इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर लेबनान के साथ अमेरिका द्वारा प्रस्तावित युद्ध विराम समझौते को मंजूरी देने की घोषणा की। मंगलवार देर रात, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि इजरायल और लेबनान की सरकारों ने युद्ध विराम के लिए वाशिंगटन के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसके तहत अन्य बातों के अलावा इजरायली सेना 60 दिनों में लेबनान से वापस चली जाएगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''सुरक्षा कैबिनेट ने आज शाम 10-1 वोट से लेबनान में युद्ध विराम व्यवस्था के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इजरायल इस प्रक्रिया में अमेरिका के योगदान की सराहना करता है और अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे के खिलाफ कार्रवाई करने के अपने अधिकार को बनाए रखता है।''

कानून मंत्री ने राम जन्मभूमि फैसले का हिंदी संस्करण किया जारी

नयी दिल्ली, 27 नवंबर (वार्ता) कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को 75वें संविधान दिवस के अवसर पर 2019 में पांच-न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ द्वारा दिए गए राम जन्म भूमि फैसले का हिंदी संस्करण जारी किया। राम जन्म भूमि के ऐतिहासिक फैसले का हिंदी संस्करण विधि साहित्य प्रकाशन (वीएसपी), विधायी विभाग, कानून एवं न्याय मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित किया गया है। राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह में श्री मेघवाल ने कहा कि राम जन्मभूमि पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का हिंदी में अनुवाद कानूनी साहित्य को अधिक सुलभ, समावेशी और समझने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह पहल हमारे राष्ट्र की भावना का प्रतीक है।

अडानी को गिरफ्तारी से बचा रही है मोदी सरकार : राहुल

नयी दिल्ली 27 नवंबर (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उद्योगपति अडानी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है। श्री गांधी ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा '' जाहिर है, अडानी उन पर लगे आरोपों से इनकार करेंगे। मुद्दा यह है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए, जैसा कि हम कह रहे हैं।'' उन्होंने कहा '' सैकड़ों लोगों को मामूली आरोपों के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है। अडानी पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप लगाया गया है। उन्हें जेल में होना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है।''

प्रियंका गुरुवार को लेंगी संसद की सदस्यता की शपथ

नयी दिल्ली, 27 नवंबर (वार्ता) केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगी। श्रीमती वाड्रा के साथ ही महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले रवींद्र चौहान भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगे। इससे पहले वायनाड के नेताओं ने बुधवार को श्रीमती वाड्रा को वायनाड संसदीय उपचुनाव का निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा।

यात्रीगण कृपया ध्यान दें....

आज 12 से 6 बजे तक रेलवे ट्रैक रहेगा बंद

सुपर, इंटर सिटी, गोल्डन टैंपल, उज्जैनी व पैसेंजर ट्रेनें भी नहीं पहुंचेंगी

मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)। यात्री गण कृपया ध्यान दें। गुरूवार (आज) को सकौती में रेलवे लाइन पर काम के चलते 12 बजे से शाम छह तक मेगा ब्लॉक रहेगा और तमाम प्रमुख रेलगाड़ियों का संचालन प्रभावित होने से यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में ट्रेन पकड़ने के लिए घर से निकलने से पूर्व रेलगाड़ियों की स्थिति को जान लें। कल (आज) चार ट्रेन रद्द रहेंगी। चार ट्रेनों का रूट डायवर्ट रहने के साथ ही तीन ट्रेन अपने निर्धारित समय से लेट पहुंचेंगी। आज भी पैसेंजर ट्रेनों को शामली के रास्ते चलाया गया। गुरूवार को दोपहर में 12 बजे से शाम छह तक मेगा ब्लॉक के दौरान सिग्नल विभाग के इंजीनियर रेलवे के रिले रूम का साफ्टवेयर अपडेट करेंगे।

तीन दिन से सकौती में रेलवे लाइन पर चल रहे कार्य के तहत दिल्ली-हरिद्वार पैसेंजर, दिल्ली-कालका पैसेंजर को टपरी से वाया शामली होकर चलाया गया। इसके अलावा पुरी से ऋषिकेश जाने वाली ट्रेन डेढ़ घंटे तक विलंब से चली। कल (आज) सुपर, इंटर सिटी, गोल्डन टैंपल, उज्जैनी व पैसेंजर ट्रेनें भी यहां नहीं पहुंचेंगी। 27 को ट्रेन संख्या 12903 गोल्डन टेंपल गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर होकर नहीं जाएगी। ट्रेन 14310 और 14309 उज्जैनी ऋषिकेश एक्सप्रेस अप और डाउन में प्रभावित होगी। दिल्ली से सहारनपुर के बीच चलने वाली ट्रेन 20411 भी सुबह के समय डेढ़ घंटे प्रभावित होगी। 27 नवंबर को ट्रेन संख्या 12903 गोल्डन टेंपल मेल गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर होकर नहीं जाएगी। इस ट्रेन को निजामुद्दीन जंक्शन से वाया शाहदरा, शामली, टपरी से निकाला जाएगा। 28 नवंबर को ट्रेन संख्या 14522-14521 दिल्ली-अंबाला इंटरसिटी अप और डाउन में रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 04460 और 04459 दिल्ली-सहारनपुर मेमू एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी। जालंधर इंटरसिटी सुपर भी नहीं चलेगी। ट्रेनों को संचालन प्रभावित होने और रद्द होने के कारण यात्रियों को चार दिन परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

शामली से होकर जाएंगी ट्रेनें

- कालका से दिल्ली जाने वाली यात्री
- सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर
- ओडिसा से पुरी जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस
- मुंबई से अमृतसर जाने वाली गोल्डन टैंपल

ये ट्रेन नहीं आएगी गुरुवार को

- सहारनपुर-दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन
- दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस
- दिल्ली-सहारनपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन
- दिल्ली-अंबाला जाने वाली इंटरसिटी एक्स.

ये ट्रेन आएगी देरी से

- दिल्ली से देहरादून की ओर जन शताब्दी एक्सप्रेस-55 मिनट
- हरिद्वार से बांद्रा जाने वाली बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस-90 मिनट
- दिल्ली से जलांधर जाने वाली एक्सप्रेस-एक घंटा

हिंडन नदी में गिरा तेज रफ्तार मिट्टी से भरा हुआ ट्रक, दो की मौत, दो घायल

बुढ़ाना, 27 नवम्बर (बु.)। लुधियाना से ईंटों के भट्टे की मिट्टी लेकर जिला मुरादाबाद जा रहा तेज रफ्तार एक ट्रक नये पुल की रेलिंग को तोड़ता हुआ नदी में जा गिरा, जिसमें सवार 4 लोगों में से 2 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यहां पर तेज धमाके की आवाज सुनकर लोग जाग गये। उन्होंने नदी में कूदकर चारों लोगों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। एक 10 टायरा ट्रक बीते मंगलवार को पंजाब से मिट्टी लेकर मुरादाबाद के लिए चला, जब वह कस्बा बुढ़ाना में स्थित हिंडन नदी पुल पर बुधवार की अल सुबह करीब 4 बजे आया, तो जंप लगने के कारण कमानी का फट्टा टूट जाने पर ट्रक अनियंत्रित होकर नये पुल की रेलिंग को तोड़कर नदी में जा गिरा। इस दौरान तेज धमाका हुआ, तो पास के घरों के लोग जिनमें तंजीम, रूवेज, शराफत व सराजू आदि जाग गये और उन्होंने बाहर आकर देखा, तो उन्हें समझते हुए देर नहीं लगी और उन्होंने नदी में छलांग लगाकर बड़ी मुश्किल से चारों लोगों को बाहर निकाला। कस्बा इंचार्ज ललित कुमार कसाना भी हाइड्रा क्रेन को लेकर मौके पर पहुंच गये। चारों घायलों को सीएचसी बुढ़ाना लाया गया, जहां डॉक्टरों ने नील पुत्र हेमराज निवासी नवाबपुरा थाना नागफनी व छोटेलाल पुत्र छत्रपाल निवासी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को मृत घोषित कर दिया, जबकि अजय पुत्र बबलू निवासी नवाबपुरा नागफनी मुरादाबाद व ट्रक मालिक जावेद पुत्र मुन्ना ठाकुरद्वारा जिला-मुरादाबाद को गंभीर हालत में मुजफ्फरनगर रैफर कर दिया।

ट्रक से कुचलकर महिला मरीज की हुई दर्दनाक मौत, जाम लगाया

बुढ़ाना, 27 नवम्बर (बु.)। पति संग बाइक पर बैठकर डॉक्टर के पास दवाई लेने जा रही एक महिला गन्ने से भरे ट्रक की चपेट में आकर मौके पर दम तोड़ गयी। मौके पर जमा भीड़ ने जाम लगा दिया। पुलिस ने भाग रहे ट्रक चालक को ट्रक सहित पकड़ लिया। बागपत जिले के गांव निरपुड़ा निवासी आजाद अपनी बीवी फरजाना को बाइक पर लेकर दवाई लेने फुगाना थाना क्षेत्र के गांव लोई में डॉक्टर के पास जा रहा था। जब वे बुढ़ाना क्षेत्र की परासौली चौकी के पास स्थित जौला गांव की नहर पर आए, तो गन्ने से भरे ट्रक चालक ने बाइक में ट्रक की टक्कर मार दी, जिसमें ट्रक की चपेट में आकर फरजाना ने मौके पर दम तोड़ दिया और उसका पति आजाद मामूली रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर आए दो पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने मृतका के पति को सांत्वना देने के बजाए ट्रक चालक को ट्रक सहित जाने दिया। इस दौरान भीड़ जमा हो गयी। आजाद की इस बात को लेकर पुलिसकर्मियों से नोक-झोक भी हुई, तो आक्रोशित भीड़ में से कुछ युवकों ने भागदौड़ कर ट्रक लेकर भाग रहे चालक को जौला से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझाकर जाम खुलवाया। मृतका के गांव निरपुड़ा से भी सैंकड़ों लोग आ गये थे। पुलिस ने मृतका के शव को मॉर्चरी भिजवाकर चालक के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी थी। 40 वर्षीया मृतका फरजाना के 2 पुत्र व 2 पुत्रियां हैं। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है।

तेन्दुआ दिखा तो ग्रामीण हुए भयभीत, वन विभाग ने चलाया जंगल में सर्च अभियान

बुढ़ाना, 27 नवम्बर (बु.)। गांव राजपुर-छाजपुर और गांव हरियाखेड़ा के जंगलों में नर-मादा दो तेंदुए और उनके दो बच्चे देखे गये, जिसको लेकर किसानों में हड़कंप मचा है। वन विभाग की टीम ने 4 दिनों से इस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रखा है, लेकिन कोई कामयाबी मिलती दिखाई नहीं दे रही है। बुढ़ाना क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर, बिराल व हरियाखेड़ा में 4 दिन पूर्व नर-मादा 2 तेंदुए व उनके 2 बच्चे ग्रामीणों द्वारा खेत पर काम करने जाते समय देखे गये थे। तब किसानों में हड़कंप मच गया था और किसानों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया था। वन विभाग बुढ़ाना के क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार को इस बात की सूचना ग्रामीणों से मिली, तो उन्होंने अपनी टीम के साथ खुद जंगलों में जाकर कॉम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। ग्रामीण अब खेतों पर समूह के रूप में काम कर रहे हैं। अब सुरक्षा के लिए उनके हाथों में धारदार हथियार, लाइसेंसी असलहे, लाठी डंडे रहते हैं। इन गांवों के लोगों में बीते कल उस समय हड़-कंप मच गया, जब 1 मिनट 6 सैकेंड का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें नर मादा तेंदुए व उनके 2 बच्चे ईख के खेत में जाते दिखाई दिए। ये वीडियो जहां बना है, वन विभाग ने वहां कॉम्बिंग की, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। बुधवार को मेरठ से वन विभाग की टीम आई और सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन बात वही ढाक के 3 पात रही। ग्रामीण विपिन ने बताया कि आज उनके गांव राजपुर में राजकुमार चेयरमैन के खेतों में तेंदुए के निशान मिले। 3 बार ग्रामीणों को तेंदुआ दिखा है।

नाबालिग की पिटाई के मामले में एसओजी का मुख्य आरक्षी लाइन हाजिर

मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)। सिविल लाइन थाने में दर्ज एक मामले को लेकर एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पिटाई के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एसओजी में तैनात एक मुख्य आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया गया है कि थाना सिविल लाइन में विगत दिनों दर्ज एक मामले में कार्रवाई करते हुए एसओजी में तैनात मुख्य आरक्षी अमित कुमार ने एक नाबालिग को हिरासत में लेकर उसकी पिटाई की थी। इसके बाद मामले की जांच सीओ सिटी व्योम बिंदल को सौंपी गई थी। मामले में प्रारंभिक जांच के बाद एसएसपी अभिषेक सिंह ने एसओजी में तैनात मुख्य आरक्षी अमित कुमार को लाईन हाजिर कर दिया। इस मामले में एसओजी के कुछ और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

दर्दनाक हादसा: शादी समारोह में जा रही बस की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर, एक दर्जन बराती घायल, चार की हालत गंभीर

अलीगढ़, 27 नवंबर (एजेंसी)। कस्बा छर्रा में अतरौली रोड़ स्थित मंडी समिति के निकट शादी समारोह में शामिल होने जा रही बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिडंत हो गई। जिसमें लगभग एक दर्जन बराती घायल हो गए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी छर्रा एवं छर्रा कोतवाली पुलिस ने घायलों को बस से निकाल उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने चार को गंभीर अवस्था में जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। बुलंदशहर जनपद के थाना जहांगीराबाद के गांव धामनी निवासी सीताराम के पुत्र रिषीपाल की शादी थाना अकराबाद के गांव बमनोई से हुई थी। मंगलवार की रात्रि को बस धामनी से बमनोई जा रही थी कि रात लगभग दस बजे छर्रा के अतरौली रोड स्थित मंडी समिति के निकट मंडी में धान बेचने आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। तेज आवाज पर पहुंचे गल्ला आढ़तियों एवं आस-पास के लोगों ने छर्रा कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी छर्रा महेश कुमार एवं कोतवाली निरीक्षक राजेश कुमार मय फोर्स घटनास्थल पहुंचे। जहां पुलिस ने बस से चालक सत्यदेव पुत्र राजवीर शर्मा निवासी खगुडा शिकारपुर, प्रदीप पुत्र धर्मवीर, ललित पुत्र सत्यपाल, चरन सिंह पुत्र कमल सिंह, सोहनलाल पुत्र श्यामवीर, जितेन्द्र पुत्र भीमसैन निवासीगण धामनी, रोबिन पुत्र राजकुमार, अर्जुन पुत्र करन सिंह निवासीगण जहांगीराबाद, जय सिंह पुत्र प्यारेलाल निवासी पोंडरा सिकन्द्रारा राऊ जनपद हाथरस आदि बरातियों को घायल हालत में बस से निकाल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से डॉक्टरों ने चरन सिंह, ललित, सत्यदेव, प्रदीप की हालत गंभीर देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया। क्षेत्राधिकारी छर्रा महेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों का हाल जाना है।

नाडा ने बजरंग पूनिया पर चार साल का प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया पर मंगलवार को राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने चार साल का प्रतिबंध लगा दिया। 23 अप्रैल 2024 से अगले चार वर्ष तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। इस दौरान वह किसी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। अर्जुन अवॉर्ड विजेता पहलवान ने कहा कि यह उनके लिए चौंकाने वाली बात नहीं है। विनीत ढांढा की अगुआई वाले पैनल ने 17 पेज के फैसले में 30 सितंबर और चार अक्तूबर को वर्चुअली सुनवाई के बाद बजरंग को नाडा के नियम 2.3 (एथलीट की ओर से सैंपल नहीं देना, भागना या सैंपल देने से मना करना) के तहत प्रतिबंध लगाया है। नाडा ने इस वर्ष 23 अप्रैल को बजरंग पर सोनीपत में हुए ट्रायल के दौरान डीसीओ को डोप सैंपल नहीं देने का आरोप लगाते हुए उन पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया था। हालांकि यह अस्थाई प्रतिबंध बाद में हटा लिया गया, लेकिन 21 जून को नाडा ने आरोप का नोटिस जारी करते हुए उन्हें फिर से अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया। नाडा ने सुनवाई के दौरान कहा, उनके डीसीओ ने 10 मार्च को ट्रायल के दौरान बजरंग को सैंपल देने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया।

लंबित मांगों के लिए दूरसंचार विभाग कर्मियों ने दिया धरना

- समस्या का समाधान न होने पर होगा बड़ा आंदोलन

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। नई मंडी दूरसंचार विभाग कार्यालय परिसर में बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन, ऑल इंडिया बीएसएनएल-डॉट पेंशनर्स एसोसिएशन तथा कान्ट्रेक्ट एवं कैजुअल लेबर की समन्वय समिति नई दिल्ली के आह्वान पर बुधवार को जिला स्तरीय कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। दूरसंचार केंद्र नई मंडी के कार्यालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय धरने पर कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन ने धरना देते हुए चेताया कि यदि उनकी मांग समय रहते पूर्ण नहीं की गई, तो कर्मचारी आंदोलन को विवश होंगे। बुधवार को बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन, ऑल इंडिया बीएसएनएल-डॉट पेंशनर्स एसोसिएशन तथा कान्ट्रेक्ट एवं कैजुअल लेबर की समन्वय समिति की जिला इकाई ने आला अधिकारियों से मांग की कि एक जनवरी 2017 से पेंशन रिवीजन, वेज रिवीजन और फोरजी व 5जी सेवा शीघ्र शुरू करने के साथ ही कान्ट्रेक्ट व कैजुअल लेबर से जुड़ी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए। उन्होंने चेताया कि यदि उनकी समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं कराया गया तो सभी कर्मचारी अपने हक और सम्मान की खातिर आंदोलन को विवश होंगे। इस दौरान धरने पर मुख्य रूप से मौ. इसराइल, एन पी निगम, आर यू सिंह, इन्द्र पाल सिंह, ओमकार शर्मा, राम शरण, जनार्दन शर्मा, रामवीर सिंह, जय किशन शर्मा, मंजू दत्त शर्मा, घनश्याम सैनी, शिवकुमार त्यागी, आरपी शर्मा आदि मौजूद रहे।

झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड पर बड़ी कार्रवाई, प्रधानाचार्य को हटाया, तीन निलंबित किए गए

लखनऊ, 27 नवंबर (एजेंसी)। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड में 18 शिशुओं की मौत के मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बड़ी कार्रवाई की है। डिप्टी सीएम के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज के प्रधानाचार्य को हटा दिया गया है साथ ही कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आरोप पत्र एवं तीन अन्य को निलंबित किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई हृदय विदायक घटना को लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है। पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह के नेतृत्व में चार सदस्यी जांच कमेटी का गठन गया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर को आरोप पत्र दिया गया है। वहीं, कॉलेज के अवर अभियन्ता (विद्युत) संजीत कुमार, एनआईसीयू वार्ड की नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज संध्या राय एवं मेडिकल कॉलेज की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुनीता राठौर को तत्काल निलम्बित करते हुए आरोप पत्र दिया गया।

संभल हिंसा में सनसनीखेज खुलासा: अफसरों के सामने महिलाओं ने किया था पथराव, निशाने पर थे डीआईजी-डीएम और एसपी

संभल, 27 नवंबर (एजेंसी)। संभल हिंसा के बाद जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पीआरओ और दो अन्य सिपाहियों पर हमले की सूचना पर पहुंचे डीआईजी, डीएम और एसपी पर सबसे पहले महिलाओं ने पथराव किया था। इसके बाद अन्य लोगों ने भी पत्थर फेके थे। यह बात अधिकारियों ने प्रेसवार्ता के दौरान बताई। कहा कि हिंदूपुरा खेड़ा में जब वह फोर्स के साथ पहुंचे थे तो तीन महिलाओं ने छतों से पुलिस पर पथराव किया। इसके अलावा अन्य लोग भी छतों से पथराव कर रहे थे। इसलिए तीन महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की डीवीआर भी नहीं मिली है। एसपी ने कहा कि उपद्रवियों की पहचान कराई जा रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से 11 वीडियो जारी किए गए हैं। इसमें पांच वीडियो ड्रोन कैमरे, तीन कैमरे और तीन सीसीटीवी कैमरों के वीडियो हैं। इसमें उपद्रवी सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे में कैद उपद्रवियों के चेहरे साफ भी दिखाई दे रहे हैं और मास्क भी लगाया हुआ है। यह उपद्रवी बवाल से पहले कैमरों को क्षतिग्रस्त करते हैं और फिर बवाल करते हैं। ड्रोन कैमरे भी तोड़ने के लिए पथराव किया लेकिन कैमरे तक पत्थर नहीं पहुंचा। अलग अलग वीडियो में अलग चेहरे दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो जामा मस्जिद के आसपास के हैं। एसपी ने बताया कि सभी चेहरों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। बवाल से पहले सीसीटीवी कैमरे तोड़ने से पूरी आशंका है कि घटना सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई है।

पाकिस्तान में सांप्रदायिक हिंसा जारी, 10 लोगों की मौत, 21 घायल

इस्लामाबाद, 27 नवंबर (एजेंसी)। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम में सुन्नी और शिया समुदायों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद छिटपुट झड़पें जारी रहने से कम से कम 10 और लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए पुलिस ने बताया कि ताजा हिंसा मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में हुई। पुलिस ने बताया कि छिटपुट आदिवासी सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। कुर्रम जिले में अलीजाई और बागान जनजातियों के बीच संघर्ष पिछले सप्ताह शुक्रवार को शुरू हुआ था। जिसके बाद गुरुवार को पारावनिार के पास एक यात्री वैन के काफिले पर हमला हुआ था जिसमें 47 लोग मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को आदिवासी सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम 37 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हो गए।

'लोगों ने चाहा तो एक दिन मैं भी संसद में होऊंगा': रॉबर्ट वाड्रा

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। प्रियंका गांधी की वायनाड से जीत पर उनके पति रॉबर्ट वाड्रा ने खुशी जाहिर की। साथ ही खुद भी सांसद बनने की इच्छा जाहिर की। वाड्रा ने कहा कि अगर देश की जनता ने चाहा तो एक दिन वह भी संसद पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी कल यानी कि गुरुवार को संसद में शपथ ग्रहण करने वाली हैं। प्रियंका गांधी केरल के वायनाड से हालिया उपचुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं। रॉबर्ट वाड्रा ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'लोगों को विश्वास था कि प्रियंका गांधी बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगी। मैं वायनाड के लोगों को शुक्रिया कहना चाहता हूं कि उन्होंने प्रियंका का समर्थन किया। मैं हमेशा से चाहता था कि प्रियंका संसद पहुंचें और आज वो सौभाग्यशाली दिन आ गया है। लोग बहुत खुश हैं और उन्हें विश्वास है कि वे उनके अधिकारों के लिए लड़ेंगी। वे संसद में राहुल और पार्टी की मदद करेंगी।' रॉबर्ट वाड्रा ने खुद भी चुनावी राजनीति में उतरने की मंशा जाहिर की और कहा कि 'अगर लोगों को लगेगा कि मैं भी बदलाव ला सकता हूं तो संभवतः एक दिन मैं भी संसद पहुंच जाऊंगा।'

महिला जजों की बर्खास्तगी: तीन दिसंबर को सीलबंद रिपोर्ट पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बर्खास्त की गई दो महिला सिविल जजों के खिलाफ एक सीलबंद रिपोर्ट पर तीन दिसंबर को विचार करेगा। इस रिपोर्ट में कथित तौर पर उनके असंतोषजनक प्रदर्शन और अन्य कारणों का विवरण है। शीर्ष कोर्ट ने पिछले साल 11 नवंबर को इस मामले का संज्ञान लिया था, जब राज्य सरकार ने छह महिला जजों को उनकी कथित असंतोषजनक कार्यप्रणाली के कारण बर्खास्त कर दिया था। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने 23 जुलाई 2023 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को यह आदेश दिया था कि वह जजों की बर्खास्तगी पर फिर से विचार करे। इसके बाद, 1 अगस्त 2023 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की पूर्ण अदालत ने अपने फैसले पर पुनर्विचार किया और चार जजों को कुछ शर्तों को फिर से बहाल करने का फैसला लिया। ये चार जज ज्योति वर्गड़े, सोनाक्षी जोशी, प्रिया शर्मा और रचना अतुलकर जोशी थीं। हालांकि, सरिता चौधरी और अदिति कुमार शर्मा के मामले में पहले आदेशों को रद्द नहीं किया गया और हाईकोर्ट ने इन दोनों जजों के खिलाफ जानकारी को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सीलबंद रिपोर्ट के रूप में रखने का फैसला लिया। बुधवार को बर्खास्त जजों में से एक का प्रतिनिधित्व कर रहीं वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने सवाल उठाया कि क्या उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई नया सबूत है, जिसे चुनौती दी जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने सीलबंद रिपोर्ट की प्रति अमिकस क्यूरी और वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल को देने का आदेश दिया है। ताकि वे पीठ को रिपोर्ट में मौजूद नए सबूतों के बारे में जानकारी दें सकें। शीर्ष कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस रिपोर्ट को फिलहाल बर्खास्त किए गए जजों के वकीलों के साथ साझा नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में यह भी कहा था कि बर्खास्तगी के बावजूद कोरोना महामारी के कारण इन जजों के काम का ठीक से मूल्यांकन नहीं किया जा सका था।

कुछ नहीं चाहिए तो राहुल गांधी को लेकर मंगल ग्रह पर चले जाओ: संबित पात्रा का खरगे पर हमला

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। ईवीएम हटाकर मतपत्र लाने की कांग्रेस की मांग पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को ईवीएम नहीं चाहिए। आपको न्यायिक प्रक्रिया भी नहीं चाहिए। आपको चुनाव आयोग भी नहीं चाहिए। ईडी और सीबीआई भी नहीं चाहिए। आपको भारत सरकार भी नहीं चाहिए। जब आपको कुछ नहीं चाहिए तो आपके लिए सर्वोच्च और उपयुक्त स्थान मंगल ग्रह है। वहां कोई नहीं है। वहां कुछ भी नहीं है। वहां आप राहुल गांधी को कुर्सी पर बैठाइये और चैन से रहिये। संबित पात्रा ने कहा कि संविधान दिवस पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें ईवीएम हटाना है और बैलेट पेपर वापस लाना है। मल्लिकार्जुन खरगे ईवीएम को साइड में रखें या न रखें, लेकिन जनता ने कांग्रेस को दरकिनार कर दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं। लगभग हर राज्य के चुनाव में कांग्रेस को दरकिनार कर दिया गया है। झारखंड में भी यही हुआ। आज कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के पीछे है। महाराष्ट्र में तो उसका पूरी तरह सफाया हो गया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस केवल 16 सीटें लेकर आई। एक तरफ महाराष्ट्र में महायुति ने बहुत बड़ी जीत हासिल की है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस का सफाया हो गया है। इसलिए राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं के चेहरे पर हार की हताशा साफ दिख रही है। संबित पात्रा ने कहा कि मुझे बहुत आश्चर्य हुआ कि मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ नेता ने कहा कि ईवीएम की वजह से एससी-एसटी और ओबीसी और गरीब लोगों के वोट बर्बाद हो रहे हैं। क्या मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस पार्टी के लोग सोचते हैं कि एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय के लोग इतने अनपढ़ हैं कि उन्हें ईवीएम में वोट डालना नहीं आता? कांग्रेस की ऐसी सोच एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय का अपमान है। मुझे नहीं लगता था कि मल्लिकार्जुन खरगे जैसे व्यक्ति ऐसा कहेंगे। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे जान लें कि प्रधानमंत्री मोदी के घर में ईवीएम है। भाजपा ईवीएम की वजह से जीत रही है। 'ई- ऊर्जा, वी- विकास एम- मेहनत। पीएम मोदी मशीन की तरह काम करते हैं। जबकि कांग्रेस फ्रंट की वजह से हार रही है। आर- राहुल की बी- बेकार एम- मैनेजमेंट। इस पर कांग्रेस ध्यान दे।

'अदाणी को जेल में होना चाहिए, बचा रही सरकार', राहुल का दावा

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अदाणी की गिरफ्तारी की मांग फिर उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उन्हें बचा रही है। उन्होंने संसद परिसर में बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि अमेरिका में अदाणी को हजारों करोड़ की अनियमितता के मामले में आरोपी बनाया गया है। ऐसे में उन्हें जेल में होना चाहिए। इससे पहले अदाणी समूह की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि अरबपति गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी पर कथित रिश्वतखोरी के मामले में अमेरिका के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के उल्लंघन का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। उन पर प्रतिभूति धोखाधड़ी के तहत आरोप लगाया गया है जिसमें मौद्रिक दंड लगाया जाना शामिल है। इस बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि क्या आपको लगता है कि अदाणी अपने खिलाफ लगे आरोपों को स्वीकार करेंगे? आप किस दुनिया में रह रहे हैं? निश्चित तौर पर वह इनकार करेंगे। जैसा कि हमने पहले कहा है, उनको गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

24 लाख हड़पने का मामला: डीआईओएस कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक, स्टेनो समेत पांच पर धोखाधड़ी का मुकदमा

बहराइच, 27 नवंबर (एजेंसी)। डीआईओएस कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक, स्टेनो, राहत इंटर कॉलेज अल्पसंख्यक संस्थान के प्रबंधक, प्राधानाचार्य समेत पांच लोगों पर कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को नानपारा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। नानपारा कोतवाली के मिरयासी टोला निवासी गुरफान खान की तरफ से दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार वर्ष 2016-17 में उनकी मां मरजिया बेगम राहत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत थी। आरोप है इसी दौरान वैध भगवानदीन इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजवती ने बलरामपुर जिले के युसूफ इंटर कॉलेज में अल्पसंख्यक सहायक का पद खाली होने की बात बताते हुए अपने परिचित गोंडा जिले के बनवटिया सुनहरा सुगौती निवासी वरिष्ठ लिपिक कृष्ण कुमार मिश्रा के माध्यम से रुपया देकर बेटे को भर्ती कराने की बात करते हुए मुलाकात कराई। इनके द्वारा विभिन्न प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आरटीजीएस और अन्य माध्यमों से कई बार में कुल 24 लाख 50 हजार रुपया ले लिया। इसके बाद वर्ष 2017 में राहत इंटर कॉलेज नानपारा में रिक्त हिन्दी एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक के पद पर विद्यालय में नियुक्ति करवाने का आश्वासन देकर उक्त विद्यालय के प्रबंधक अरशद खान व प्रधानाचार्य से साक्षात्कार करवाया। कुछ समय बीतने के बाद वरिष्ठ लिपिक केके ने अपने कार्यालय में तैनात स्टेनो बस्ती वासदेव कुंवर गांव निवासी हरेंद्र सिंह को साढ़े छह लाख रुपये उनसे दिलवा दिए। वर्ष 2019 में उक्त लोगों ने सात जुलाई 2017 का फर्जी नियुक्ति पत्र राहत इंटर कॉलेज कार्यालय में सौंपते हुए अगले दिन से संस्था में आकर कार्य करने को कहा। वहां पर दूसरे दिन विद्यालय पहुंचने पर उनसे कोई कार्य नहीं लिया गया और वे बराबर विद्यालय जाते रहे। इसी दौरान कोरोना महामारी आने से विद्यालय बंद हो गया।

पाकिस्तान में गृह युद्ध जैसे हालात क्यों, क्यों देने पड़े गोली मारने के आदेश?

इस्लामाबाद, 27 नवंबर (एजेंसी)। पाकिस्तान एक बार फिर राजनीतिक अराजकता के माहौल में फंस गया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और सरकार के बीच ठनी हुई है। पीटीआई ने अपने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल से रिहा कराने के लिए राजधानी इस्लमाबाद में मार्च का एलान किया है। इस विरोध का एलान इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने किया था। पीटीआई कार्यकताओं और समर्थकों ने जब मंगलवार को इस्लमाबाद में घुसने की कोशिश तो उनकी सुरक्षा बलों के साथ हिंसक भिड़ंत हो गई। पीटीआई का दावा है कि पुलिस ने छह कार्यकर्ताओं की गोली मारकर हत्या कर दी और सैकड़ों समर्थक गिरफ्तार किए हैं। इस हिंसा में पाकिस्तान के तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 100 से ज्यादा घायल हैं।

बाल विवाह मुक्त भारत रैली का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बुस.)। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशों के अनुसार वन स्टॉप सेंटर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की रैली निकाली गई। इस प्रोग्राम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रीना पवार एवं होती लाल एवं केशव प्रसाद और वन स्टॉप सेंटर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और लोगों को समझाया गया कि बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करें, कम उम्र में शादी करना बेटियों के लिये हानिकारक होता है। यह बेटी की जिंदगी से खिलवाड़ करना है और यदि ऐसा कहीं होता है, तो उन्हें हेल्प लाइन नंबर्स की जानकारी दी गई।

सोना 650 रुपये मजबूत हुआ; चांदी 5,200 रुपये उछली

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। मजबूत वैश्विक रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ओर से लिवाली बढ़ने से बुधवार को सरार्फा कीमतों में दो दिन की भारी गिरावट के बाद तेजी लौटी और चांदी 5,200 रुपये की सबसे बड़ी एकदिनी तेजी के साथ 95,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सरार्फा संघ के अनुसार, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 650 रुपये बढ़कर 78,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले दो कारोबारी सत्रों में सोने में 2,250 रुपये की गिरावट आई थी। मंगलवार को यह 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 950 रुपए बढ़कर 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी में 5,200 रुपये की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी दर्ज की गई और दो सप्ताह के अंतराल के बाद यह 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले चांदी की कीमत में सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी 21 अक्टूबर को दर्ज की गई थी, जब इसमें 5,000 रुपये की तेजी आई थी। पिछले दो दिनों में चांदी में 2,700 रुपये की गिरावट आई थी और मंगलवार को यह 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

गौतम अदाणी को बचा रही सरकार, नहीं हो रही जांच

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को अदाणी मामले को लेकर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि अगर ये आरोप किसी और पर लगा होता तो क्या सीबीआई इसी तरह चुप रहती? सब चुप हैं क्योंकि अदाणी का नाम आया है। ये सच है कि उन्हें यहां बचाया जा रहा है।

उन्हें कैसे बचाया जा रहा है? कोई एजेंसी उनसे पूछताछ नहीं कर रही है। अगर संसद में चर्चा के लिए उनका नाम आता है तो सदन स्थगित हो जाता है और स्पीकर कहते हैं कि कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। उनके लिए नियम बदले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना एक बड़ी कला है, लेकिन झूठ तब तक बोलो जब तक पकड़े न जाओ। उन्होंने बड़ी चतुराई से कहा कि गौतम अदाणी नाम ऋढ्ढअ में नहीं है, जबकि वास्तविकता यह है कि ऋढ्ढअ में केवल उन्हीं का नाम हो सकता है जो अमेरिकी नागरिक हैं। लेकिन उनकी पार्टनर कंपनी अजोर पावर का नाम इसमें है। उनके खिलाफ सबूतों की भरमार है।

75 लाख की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार, नेपाल से लाया था, कैराना में की जानी थी सप्लाई

शामली, 27 नवंबर (एजेंसी)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मेरठ की टीम ने बाबरी क्षेत्र के बुटराड़ा कट के निकट से बिहार निवासी चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सात किलो 550 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75 लाख रुपये बताई है। पकड़ा गया आरोपी शर्मा साहनी निवासी शिवाघाट, मलाही टोला थाना गोपालपुर जिला पश्चिमी चंपारण बिहार है। बुधवार दोपहर शामली-मुजफ्फरनगर मार्ग स्थित बाबरी उपरिगामी पुल के नीचे बुटराड़ा कट के पास से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने सात किलो 550 ग्राम चरस, मोबाइल फोन और 2537 रुपये बरामद किए। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 75 लाख रुपये है। एसपी के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके गांव से नेपाल का सीकरा बॉर्डर करीब 20 किलोमीटर दूर है। बॉर्डर पार कर वहां के ग्रामीण इलाकों से चरस सस्ते दामों में मिल जाती है। वहां से वह चरस लेकर आया था। चरस को दिल्ली के आसपास के इलाकों में सप्लाई करने पर अच्छा मुनाफा हो जाता है। इस चरस को नेपाल से लाकर कैराना निवासी मोहम्मद अली को देने बस से आया था। मोहम्मद अली का मोबाइल नंबर पर्ची पर लिखा हुआ है। वह उसे बुटराड़ा कट के निकट आकर मिलने वाला था, लेकिन उससे पहले ही वह पकड़ा गया। एसपी ने बताया बाबरी थाने पर मामला दर्ज कर चालान कर दिया।

'संभल में पुलिस की गोली से मारे गए युवक', मौलाना तौकीर रजा ने लगाया बड़ा आरोप

बरेली, 27 नवंबर (एजेंसी)। संभल हिंसा पर इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि संभल में कोई दंगा नहीं हुआ है। सभी युवक पुलिस की गोली से मारे गए हैं। मौलाना ने कहा कि हमारे बच्चे मारे जा रहे हैं और हम ही मुल्जिम करार दिए जा रहे हैं, यह कैसा कानून बना दिया गया है। खबरें आ रही हैं कि मुसलमानों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में सर्वे टीम के साथ धार्मिक नारे लगाते लोगों की भीड़ नजर आ रही है। कौन लोग हैं ये जो इस तरह का माहौल बना रहे हैं। उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है। मौलाना ने कहा कि संभल में जुल्म हो रहा है। बाहर से किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है। हम चाह कर भी मारे गए लोगों के जनाजे में शरीक नहीं हो सकते थे। आईएमसी प्रमुख ने कहा कि बहुत जल्द हम संभल जाएंगे। वहां लोगों से मुलाकात कर हर मुमकिन मदद की जाएगी। मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा कि उपासना स्थल अधिनियम 1991 के रहते जिस तरह एक के बाद एक मस्जिदों में मंदिर ढूंढे जा रहे हैं, यह देश के मुसलमानों को अपमानित, प्रताड़ित करने के लिए किया जा रहा है। बाबरी मस्जिद को छोड़कर सभी धार्मिक स्थलों के लिए यह नियम बनाया गया कि किसी भी धार्मिक स्थल से कोई छेड़छाड़ करने या मूल स्वरूप बदलने पर भी सजा का प्रावधान है। हैरत की बात है कि इस सब के बाद भी किस तरह अदालतों में सर्वे याचिकाएं दाखिल हो रही हैं। उससे बड़ी बात है कि सबकुछ कुछ घंटों में हो रहा है। इस सब पर हमारी वकीलों की टीम लगी है। जल्द ही मंथन कर आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा।

बुमराह फिर टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

दुबई, 27 नवंबर (एजेंसी)। भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी की जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। बुमराह ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया था और कुल आठ विकेट झटके थे। बुमराह को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। बुमराह ने इस मैच में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी की थी और टीम ने उनके नेतृत्व में जीत दर्ज कर प

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

पत्थरबाजों के पक्ष में छात्र-संघ

संभल उपद्रव में पत्थरबाजों के पक्ष में अब दिल्ली के छात्र-संघों की एंट्री हो गयी है। इसको लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के छात्रों ने दिल्ली में प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस ने इस प्रदर्शन को आगे बढ़ने से रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्र हाथ में प्लेकार्ड और पोस्टर लेकर संभल हिंसा पर विरोध जता रहे थे। छात्रों के प्लेकार्ड पर लिखा था, 'योगी आदित्यनाथ, संभल के मुसलमान युवाओं की मौत के जिम्मेदार हैं'। इस घटना के लिए सीधे तौर पर वामपंथी छात्र योगी सरकार पर निशाना साधते हुए और सवाल पूछते हुए नजर आए। छात्रों का सवाल है कि आखिर क्यों इस तरह की हिंसा हो रही है? प्रदर्शनकारी छात्रों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। संभल में पुलिस पर पथराव और गोलीबारी के बीच चार लोगों की मौत हो हुई। इस उपद्रव में सुरक्षाकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों सहित करीब दो दर्जन लोग घायल हिंसक घटना में घायल हुए हैं। जेएनयू छात्र संघ स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया भी यूपी भवन में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुआ। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि संभल में यूपी पुलिस द्वारा पांच मुस्लिमों की हत्या के खिलाफ यूपी भवन के सामने विरोध प्रदर्शन में दिल्ली भर से छात्र शामिल हुए। छात्रों का आरोप है कि दिल्ली पुलिस ने उनपर हमला किया और उन्हें हिरासत में ले लिया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष ने एक्स अकाउंट पर प्रदर्शन को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि न्याय मांगने की सजा कब तक दोगे? यूपी भवन पर न्याय की मांग कर रहे हम सभी को पुलिस बर्बरता से डिटेन करके बहुत दूर बवाना थाना ले जा रहे हैं। हमारे साथ कई छात्राएं भी हैं। संभल के निर्दोष लोगों की हत्यारी पुलिस पर अब कोई भरोसा नहीं है साथियों। आप सबसे इल्तजा है, इस लड़ाई को मजबूत करें।इस प्रदर्शन पर दिल्ली के अन्य छात्र संघ हैरानी जता रहे हैं। उनका कहना है कि यह प्रदर्शन अपराधियों के पक्ष में किया जा रहा है। पुलिस पर पत्थर फेंकने वालों के पक्ष में पढ़ने लिखने वाले निकल पड़े। सुरक्षा कर्मियों के घायल होने की इन्हें कोई चिंता नहीं है और ये पुलिस पर हमले की निन्दा भी नहीं कर रहे हैं, ये कैसे प्रदर्शन कारी हैं। ये प्रदर्शनकारी हिंसक लोगों के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे हैं यह पूरी तरह अराजकता है। पुलिस पर पत्थरबाजी करने से लेकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तक की जुर्रत करने वालों के खिलाफ अब योगी सरकार सख्त हो गई है और यह तय किया गया है कि नुकसान की सारी वसूली पत्थरबाजों ही से की जाएगी। योगी सरकार द्वारा यह तय किया गया है कि पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर्स सार्वजनिक जगहों पर वॉन्टेड की तरह लगाए जाएंगे। इसके अलावा जो उपद्रवी पकड़ में नहीं आएंगे, उनके ऊपर इनाम घोषित किया जाएगा। यह स्पष्ट संकेत हैं कि संभल हिंसा मामले के आरोपियों को, योगी प्रशासन बिल्कुल भी बख्शने वाला नहीं हैं। इस मामले में घटिया दर्जे की सियासत भी चल रही है। अराजकता को सही ठहराते हुए पुलिस प्रशासन और शासन पर निशाना साधते हुए नेताओं के बयान भी घटना के बाद ही से चल रहे हैं, ऐसे बयानों की चौतरफा निन्दा भी चल रही है। संभल उपद्रव की कई वीडियो सामने आ रही हैं। कई शैतान बेनकाब हो रहे हैं, कई पकड़ में आ रहे हैं। संभल में गोली चलाने वाली की एक फुटेज सामने आई है। इसमें एक नकाबपोश उपद्रवी को गोली चलाते हुए देखा जा सकता है। चेहरे पर नकाब और बदन पर काले रंग का लिबास पहने यह शैतान हाथ में बंदूक लेकर फायरिंग करता नजर आ रहा है। आसपास भीड़ मौजूद है, फिर भी यह उपद्रवी सरेआम पुलिस को आंख दिखा रहा है। गोली चलाता है।अब इस सीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। इसके अलावा, कुछ सीसीटीवी फुटेज में उपद्रवी सीसीटीवी कैमरों को तोड़ते नजर आ रहे हैं। संभल हिंसा के सीसीटीवी वीडियो से शैतानों की साजिश बेनकाब होती नजर आ रही है। ये नकाबपोश उपद्रवी कार और सीसीटीवी तोड़ते दिखे। इतना ही नहीं, उन्होंने पुलिस पर पथराव किया और फायरिंग भी। सीसीटीवी फुटेज से यह साफ होता है कि यह तस्वीर सुबह सवा नौ बजे के करीब की है। इसमें साफ दिख रहा है कि भीड़ में ही शामिल लोग असलहे और 315 बोर के तमंचे लेकर आए थे। इतना ही नहीं,भीड़ में मौजूद उपद्रवियों ने एसआई का पिस्तौल छीनने की भी कोशिश की थी। संभल उपद्रव को लेकर हो रही बयानबाजी के बीच आचार्य प्रमोद कृष्णम का बयान सामने आया है। उन्होंने अखिलेश यादव के नाम का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पत्थर फेंकवाए जाते हैं और फिर वहां दंगा करवाने के बाद पार्टी का डेलीगेशन भेजा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि संभल में दंगा भड़काने के लिए अखिलेश यादव पर मुकदमा दर्ज किया जाए। समाजवादी पार्टी के नेता ने उपचुनाव में हुई हार से बौखला कर षडयंत्र के तहत ये किया है। उन्हें ये गलतफहमी हो गई कि यूपी के चुनाव में बीजेपी की जो जीत हुई है, उसमें पुलिस प्रशासन का हाथ है। पुलिस से बदला लेने के लिए उन्होंने ये षडयंत्र किया। राहुल गांधी और अन्य विपक्ष के नेताओं के संभल जाने पर भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि वे आग में और घी डालने का काम करने जा रहे हैं, ये गलत बात है। पुलिस पर वहां हमला हुआ है इसका पूरा वीडियो है। वो इसे कैसे नकार सकते हैं। वो इसे झूठा बता रहे हैं। मगर संभल की सच्चाई सबके सामने है। विपक्ष अब इस पर राजनीति कर रहा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव कानून व्यवस्था तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और उग्रवादियों की हमदर्दी लेना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपराधियों को लेकर घूम रहे हैं। गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि संभल में हिंसा साजिश के तहत हुई है। कोई संभल को बांग्लादेश बनाने की कोशिश न करे। संभल में राजनीतिक डेलिगेशन भेजकर एक बार फिर उकसाने की कोशिश की जा रही है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी ऐसी घटनाओं पर राजनीति करते हैं। उन्होंने मांग की कि संभल से सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को गिरफ्तार किया जाए। बर्क पर पुलिस ने लोगों को उकसाने की एफआईआर दर्ज की है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"दौलत" "धुन" "सोना" "हीरा"

दौलत की दौड़ से परे सोना है जिन्दगी।
अपनी ही धुन में मस्त है हीरा है जिन्दगी।।
मायूसियों का मौत का उनको पता नहीं,
बच्चों की जिन्दगी ही में जिन्दा है जिन्दगी।

महिला उत्पीड़न मामालों को गंभीरता से लें अधिकारी: सपना

- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्रों को बांटे लैपटॉप - कारागार में महिला बैरक का किया गया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। राज्य महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप ने निरीक्षण भवन में पहुंच अधिकारियों को योगी सरकार की पहल पर शुरू की गई योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ महिला उत्पीड़न मामलों में प्राथमिकता के आधार पर काम करने और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी।महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप बुधवार को मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंची, जहां पर उनका जनपद आगमन के समय नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, डिप्टी कलेक्टर अपूर्वा यादव, सीओ रामाशीष यादव, सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह, कार्यक्रम अधिकारी संतोष शर्मा, सूचना अधिकारी नर सिंह, सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय, डिप्टी जेलर दीपक सिंह, महिला थाना प्रभारी संगीता चौधरी, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान प्रकोष्ठ से निरीक्षक रेनू सक्सेना, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ सुमन लता, उप निरीक्षक ज्योति तोमर, ज्योति यादव, डॉ. राजीव कुमार, सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा पुष्प एवं लाइव प्लांट भेंट करते हुए स्वागत किया गया। राज्य महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तीन लाभार्थियों को लैपटॉप वितरित किए। इसके बाद उन्होंने जन सुनवाई की, जहां 28 महिलाओं द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिनके संबंध में उनकी समस्याएं विस्तार पूर्वक सुनकर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु संबंधित विभागों को एक सप्ताह में कार्यवाही के निर्देश दिए। इन प्रार्थना पत्रों में 4 प्रार्थना पत्र पीडी डूडा, 02 प्रार्थना पत्र तालाब व अन्य 22 मामले में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, शादी अनुदान इत्यादि से संबंधित रहे। जन सुनवाई के बाद आयोग सदस्य ने कारागार का निरीक्षण करते हुए महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। जिला कारागार में महिला बैरक में 62 महिलाएं निरूद्ध है, जिसमें 14 महिलाएं विधवा है, जिनके संबंध में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाभान्वित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस बीच उन्होंने जिला कारागार में निर्मित पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष, रेडियो एसडी 90.8 एफएम कक्ष का भ्रमण किया।

राम मंदिर परिसर में हो रहा है इन 18 मंदिरों का भी निर्माण, देख सकेंगे सभी की लाइव आरती

अयोध्या, 27 नवंबर (एजेंसी)। राम जन्मभूमि परिसर में बन रहे सभी 18 मंदिरों की आरती के साक्षी देश-दुनिया के रामभक्त घर बैठे बन सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट परिसर के सभी मंदिरों की आरती के लाइव प्रसारण की योजना पर मंथन कर रहा है। अभी केवल रामलला की प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे होने वाली श्रृंगार आरती का ही सजीव प्रसारण दूरदर्शन की ओर से किया जाता है। राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर में विराजमान बालकराम सहित कुल 18 मंदिर बन रहे हैं। इन सभी मंदिरों की आरती के लाइव प्रसारण को लेकर 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में चर्चा हुई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि तय हुआ है कि परिसर के सभी मंदिरों की आरती रामभक्त देख पाएंगे, इसको लेकर विचार चल रहा है। दूरदर्शन राम जन्मभूमि परिसर में स्थायी सेटअप यानी केंद्र स्थापित कर रहा है। इसके जरिए उच्च गुणवत्ता का प्रसारण संभव हो सकेगा। चंपत राय ने बताया कि अभी रामलला की सुबह 6:30 बजे की श्रृंगार आरती का लाइव प्रसारण दूरदर्शन की ओर से किया जाता है। रोजाना इस आरती को घर बैठे हजारों लोग देखते हैं। लाइव प्रसारण के लिए दूरदर्शन ने अभी परिसर में ओवी वैन लगा रखी है, लेकिन जल्द परिसर में दूरदर्शन स्थायी केंद्र बनाने जा रहा है। इस केंद्र के जरिए पीटीजेट कैमरे से सभी मंदिरों की आरती रिकॉर्ड की जाएगी। तीन अतिरिक्त मूवेबल कैमरे लगाए जाएंगे, रिमोट ऑपरेटर सभी मंदिरों की आरती का लाइव प्रसारण करेंगे। दूरदर्शन स्थायी केंद्र बनने के बाद कर्मियों की संख्या भी बढ़ाएगी। परिसर में केबिल बिछाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

अयोध्या: राम मंदिर के पुजारियों के लिए तैयार हुई नियमावली, जल्द ही ड्रेस कोड की व्यवस्था भी होगी लागू

अयोध्या। राममंदिर में पूजा-पाठ के लिए प्रशिक्षित किए गए नए अर्चकों को जल्द ही राममंदिर में पूजा-पाठ की जिम्मेदारी मिल सकती है। राम मंदिर के पुजारियों के लिए नई नियमावली भी तैयार की गई है। नए पुजारियों को इस नियमावली का पालन करना होगा। नियमावली की सबसे खास बात यह है कि पुजारियों को रोटेशन के अनुसार परिसर के सभी मंदिरों में पूजा-पाठ के लिए लगाया जाएगा। राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि पिछले दिनों राम मंदिर में प्रशिक्षित पुजारियों की तैनाती के लिए प्रशिक्षण अभियान चलाया गया था। 20 पुजारियों को छह माह का प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण पूरा करने वाले पुजारियों को प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है। अब इन पुजारियों को राममंदिर समेत परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों में पूजा-पाठ के लिए लगाने पर सहमति बन गई है। इसके लिए नई नियमावली तैयार की गई है। इसके तहत पुजारी राम मंदिर समेत सभी मंदिरों में रोटेशन के अनुसार पूजा-पाठ करेंगे। अलग-अलग तिथि व शिफ्ट में पुजारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पूजा-पाठ की जो संहिता बनाई गई है, उसका पालन करना होगा। किसी के यहां प्रसव या निधन होने पर उस पुजारी को खुद मंदिर में नहीं आना चाहिए। मतलब यह है कि अपवित्र स्थिति में मंदिर में प्रवेश वर्जित होगा। ड्रेसकोड पर भी विचार चल रहा है।

अखिलेश यादव बोले- उपचुनाव में भाजपा के लोगों ने कम प्रशासन ने ज्यादा मेहनत की

अंबेडकरनगर, 27 नवंबर (एजेंसी)। अंबेडकरनगर जिले के दौरे पर पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा है कि कटेहरी का परिणाम शासन-प्रशासन ने छीना है। यह सपा की जीती हुई सीट थी जिसे भाजपा ने बेईमानी से जीता है। जब भाजपा को लगा कि खुद नहीं जीतेंगे तो अफसरों को आगे कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हें चुनाव लड़ने का नया तरीका सिखाया है। कोचिंग दी है। हमारी सरकार आने पर हम अफसरों को देखेंगे। उन्होंने कहा कि इन चुनाव में भाजपा कार्यकताओं ने कम प्रशासन ने ज्यादा वोट डाला। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव लखनऊ और दिल्ली के बीच की लड़ाई थी, जिसमें लखनऊ को दिखाना था कि हम जीत गए। इस चुनाव में लोकतंत्र और संविधान पर चोट की गई। एनटीपीसी और निजी कंपनियों के सीएसआर का उपयोग कर जिले में स्कूटी और सिलाई मशीन बांटी गई। प्रधान और कोटेदार के साथ क्या हुआ सबको पता है। संभल की घटना को साजिश बताते हुए कहा कि जिस तरह कुछ लोग माहौल खराब कर दिल्ली तक पहुंचे। अब उसी राह पर यूपी में चलने की कोशिश हो रही है। अखिलेश ने सुप्रीम कोर्ट से मामले का स्वतः संज्ञान लेने की मांग की। कहा कि चुनावी बेईमानी से ध्यान हटाने के लिए भी संभल कांड कराया गया। दूसरे सर्वे में भाजपा के लोग नारे लगाते चल रहे थे उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

रिटायर्ड सैनिकों को अब समय पर मिल सकेगी पेंशन और अन्य भुगतान

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसी)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त होने वाले सैनिकों को अब समय पर पेंशन और अन्य लाभों का भुगतान हो सकेगा। सीआईएसएफ ने बुधवार को अपने रिटायर्ड कर्मचारियों की नौकरी से जुड़ी प्रक्रियाओं में तेजी से लाने के लिए ई-सर्विस बुक पोर्टल की शुरूआत की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि नए डिजिटल ढांचे से सेवा पुस्तिका के भौतिक तौर पर हस्तांतरण की जरूरत खत्म हो जाएगी। इसके जरिये सर्विस बुक की वास्तविक समय में निगरानी की जा सकेगी। इसके जरिये सीआईएसफ से सेवानिवृत्त हुए सैनिक अपनी पेंशन फाइल की स्थिति को वास्तविक समय में जान सकेंगे। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही तय हो सकेगी।

'गोली चलाओ-गोली चलाओ...' वाले वीडियो पर कमिश्नर की सफाई, बोले- सिर्फ डराने के लिए कहा था

संभल, 27 नवंबर (एजेंसी)। मुरादाबाद में कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने कहा है कि जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट द्वारा पुलिस-प्रशासन पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। अगर उनके पास सुबूत हैं तो पेश करें। सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर मुकदमा दर्ज होने के बाद वह बयानबाजी कर रहे हैं। कमिश्नर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जामा मस्जिद प्रशासन को रविवार को होने वाले सर्वे की जानकारी एक दिन पहले ही दे दी गई थी। साथ ही बताया गया था कि मस्जिद में कोई तोड़फोड़ नहीं होगी। सिर्फ वीडियोग्राफी की जाएगी। सर्वे कोर्ट के आदेश पर हो रहा था। भीड़ के हंगामा करने पर पहले उनसे सहयोग के लिए कहा गया था, लेकिन वह चुप रहे। सांसद पर मुकदमा दर्ज होने के बाद अब वह तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं। उधर, कमिश्नर ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली चलाने के आरोप गलत हैं। अगर किसी ने पुलिस के फोटो खींचे हैं तो वह पेश करे। पत्थरबाजों के समर्थकों को भी फोटो खींचने चाहिए थे। बता दें कि जामा मस्जिद के सदर ने सोमवार को आरोप लगाया था कि रविवार को किया गया सर्वे डीएम के आदेश पर जबरन किया गया। साथ ही उन्होंने पुलिस पर गोली चलाने के आरोप भी लगाए थे।

याचिकाकर्ता को मिल रही धमकियां

संभल। हिंसा के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता और याचिकाकर्ता विष्णु शंकर जैन ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, संभल के सपा सांसद, सपा के मीडिया सेल और ज्ञानवापी मस्जिद समिति के सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जैन ने कहा, ₹इन लोगों ने झूठा प्रचार किया है कि मैं जय श्री राम के नारे लगाते हुए भीड़ के साथ वहां पहुंचा, जिससे दंगा भड़का। यह पूरी तरह से झूठा आरोप है। जैन ने अपनी सफाई में कहा कि वह सर्वे के दौरान प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के साथ थे। सर्वे खत्म होने के बाद पुलिस ने उन्हें एक ऐसे रास्ते से वापस भेजा, जो हिंदू आबादी वाले क्षेत्र से गुजरता था। इस दौरान कुछ लोग नारेबाजी कर रहे थे।

किसानों की आय बढ़ाने को यूपीनेडा ने किया आह्वान

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत एमएनआरई केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान घटक सी-2 योजनान्तर्गत पृथक कृषि फीडर्स का सोलराईजेशन किया जाना है। इस कड़ी में जिले में 86 पृथक कृषि सबस्टेशन का सोलराईजेशन किया जाना अभी प्रस्तावित है। स्थापित सबस्टेशन के निकटस्थ 5 किमी की परिधि में सरकारी भूमि-किसानों की भूमि पर प्रस्तावित क्षमता के सोलर पॉवर संयंत्र की स्थापना की जा सकती है। यूपीनेडा के परियोजना प्रभारी भजन सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 1 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना को 4 एकड़ भूमि की जरूरत है तथा लगभग 4 करोड़ रुपए संयंत्र स्थापना में व्यय होता है। भारत सरकार द्वारा प्रति मेगावाट 1.05 करोड़ तथा राज्य सरकार द्वारा 50 लाख का अनुदान देय है। संयंत्र की स्थापना कार्य कृषक सोसायटी, पंचायत, सहकारिता, एफपीओ व विकास कर्ता द्वारा कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि किसान अपनी जमीन विकासकर्ता को 27 वर्ष हेतु आपसी सहमति से निर्धारित लीज रेंट पर दे सकता है। किसान अपनी भूमि लीज पर देने हेतु यूपीनेडा पर विकसित पोर्टल पर निःशुल्क आवेदन कर सकता है। सोलर पावर प्लांट से उत्पादित ऊर्जा को उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लि. द्वारा 25 वर्ष हेतु क्रय किया जायेगा। विद्युत विभाग द्वारा प्रति यूनिट रुपए 3.00 की दर से विकासकर्ता को भुगतान होगा। जिसके लिए विकासकर्ता और विद्युत विभाग के बीच 25 वर्ष का अनुबंध किया जाता है। वहीं संयंत्र की पूर्ण लागत व देखरेख 'विकासकर्ता को वहन करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जिले में 86 अदद पृथक कृषि विद्युत सब-स्टेशनों का सोलराईजेशन किया जाना है। इनमें 11 विद्युत सबस्टेशन किसानों द्वारा अपनी जमीन पर पॉवर प्लांट लगाने को सहमति दी है और 13 विद्युत सबस्टेशनों के लिए किसान अपनी जमीन देने को सहमत है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि अपनी जमीन सोलर पॉवर प्लांट हेतु लीज पर देने अथवा अधिक जानकारी के लिए यूपीनेडा के कार्यालय विकास भवन मुजफ्फरनगर में मोबाईल नंबर 9415609074 पर सपंर्क कर सकते हैं।

JOB/VACANCY
FOR FACULTY
Knowledge required
MS OFFICE, TALLY
PRATIBHA COMPUTER
Dal Mandi | New Mandi
Ph. 9719728421

रविन्द्र गौतम को फिर बनाया बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष

रविन्द्र गौतम

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उपचुनाव में पार्टी को मिली करारी हार के बाद पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन शुरू कर दिया है। उपचुनाव में पराजय के बाद उन्होंने यूपी की नौ विस क्षेत्र में पार्टी संगठन में परिवर्तन करना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर मुजफ्फरनगर में जिला अध्यक्ष सतीश रवि को हटाकर उनके स्थान पर फिर रविन्द्र गौतम को नए जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी है। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नए जिलाध्यक्ष रविन्द्र गौतम का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंत्री प्रेमचन्द्र गौतम, अरविंद गौतम, मीरांपुर विस क्षेत्र अध्यक्ष मनोज कुमार, बसपा के मीरांपुर से प्रत्याशी रहे शाह नजर, निर्वतमान जिलाध्यक्ष सतीश रवि, जीत सिंह बौद्ध समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बेदी ट्रैक्टर्स पर किसानों को बांटे उपहार

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बुस.)। आज बुधवार को बेदी ट्रैक्टर्स (महिन्द्रा ट्रैक्टर डीलरशिप) भोपा रोड पर किसानों के लिए लक्की ड्रॉ व किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एक अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक जिन किसान भाईयों ने ट्रैक्टर खरीदे थे, उन्हीं के लिए समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 250 किसान भाईयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रथम ईनाम पूरन सिंह ग्राम कासमपुर खोला की मोटरसाइकिल, दूसरे ईनाम के रूप में नसीम ग्राम सीकरी को रोटावेटर, तीसरे ईनाम के रूप में सद्दाम ग्राम बिलासपुर को एलईडी टीवी, चौथे ईनाम के रूप में अमित कुमार ग्राम भोकरहेड़ी को मोबाइल व वाशिंग मशीन तथा बाकी सभी को जूसर मिक्सर ग्राईन्डर ईनाम में दिये गये। सम्मान समारोह को सफल बनाने में बेदी ट्रैक्टर्स के मालिक सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, मनप्रीत सिंह बेदी, हनप्रीत सिंह बेदी, सुदीप सिंह बेदी, महिन्द्रा कम्पनी के एरिया मैनेजर सौरभ त्यागी, महिला कम्पनी से देवानन्द द्विवेदी जोनल रिटेल मैनेजर, महिन्द्रा फाईनेंस के एरिया सेल्स मैनेजर विकास त्यागी व बेदी ट्रैक्टर के समस्त स्टॉफ का योगदान रहा। कार्यक्रम के बाद सभी किसान भाईयों के भोजन की व्यवस्था भी की गयी।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो
मिलने का समय :- प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

हल्की ठंड बरकरार, पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार

मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)। मौसम में हल्की ठंड का असर बरकरार है। इसके चलते आज तापमान अधिकतम 24.3 और न्यूनतम 10.0 डिग्री पर दर्ज किया गया। मौसम में हल्की ठंड लौट आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों तक 10 डिग्री के आसपास रहेगा और उसके बाद हल्की सी बढ़ोत्तरी होगी। कल से कोहरे की वापसी के संकेत हैं। अभी बारिश के कोई आसार नहीं हैं। स्काईमेट के अनुसार 29 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के पहाड़ों पर पहुंचेगा। दरअसल, दो पश्चिमी विक्षोभ एक के बाद एक तेजी से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से गुजरने वाले हैं। ये दो प्रणालियाँ (पश्चिमी विक्षोभ) लगभग एक-दूसरे के साथ ओवरलैप हो रही हैं।

इनका मुख्य प्रभाव एक बार फिर मध्य और ऊपरी इलाकों तक ही सीमित रहेगा। पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग क्षेत्र में 30 नवंबर से 03 दिसंबर 2024 के बीच ताजा बर्फबारी होगी। वहीं, श्रीनगर, अवंतीपुर, शोपियां जैसे निचले पहाड़ी इलाकों में 30 नवंबर और 01 दिसंबर 2024 को हल्की बारिश हो सकती है। 5 दिसंबर और उसके बाद पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम साफ होने की उम्मीद है। अगले दो दिनों में दिल्ली/एनसीआर के तापमान में मामूली गिरावट की उम्मीद है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले 4-5 दिनों तक तापमान में अधिक गिरावट नहीं होगी। इसके साथ ही, चक्रवातीय तूफान (जो दक्षिणी भागों में है) के प्रभाव से गर्म और नमी युक्त पूरब से चलने वाली हवाएं मध्य भागों तक पहुंचेंगी। इन हवाओं का हल्का असर दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश और दिल्ली क्षेत्र तक भी पहुंचेगा।

पूर्वी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव के कारण दिल्ली में ठंडी सर्दियों की शुरूआत में अभी और समय लग सकता है। दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के बाद से दिल्ली-एनसीआर में कोई बारिश नहीं हुई है। अभी अगले दो सप्ताह तक बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। 5 दिसंबर के बाद तापमान में गिरावट आएगी। असली ठंड का इंतजार थोड़ा लंबा हो सकता है। फिलहाल मौसम के छोटे बदलावों और आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सतर्क रहें।

रामपुर तिराहाकांड : दो मामलों में हुई सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। रामपुर तिराहाकांड से जुडे दो मामले सरकार बनाम ब्रजकिशोर व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में कोर्ट बुधवार को सुनवाई हुई है। कोर्ट में पेश होकर दोनों मामलों में तत्कालीन झिंझाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों ने अपने वारंट रिकॉल कराए। कोर्ट में पेश न होने के कारण सभी पुलिसकर्मियों के गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। सभी पुलिसकर्मियों को कोर्ट ने पर्सनल बॉंड पर जमानत दे दी है। इस मामले में सुनवाई के लिए 29 नवम्बर की तिथि नियत की गयी है। सीबीआई के लोक अभियोजक धारा सिंह मीणा ने बताया कि आंदोलनकारियों से फर्जी हथियार बरामदगी के मामले सरकार बनाम ब्रजकिशोर में कोर्ट ने तत्कालीन झिंझाना प्रभारी ब्रज किशोर, पुलिसकर्मी अनिल व उमेश के कोर्ट में पेश न होने पर गैर जमानती वारंट जारी किए थे। बुधवार को इस मामले में तीनों आरोपी एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह फौजदार की कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट में तीनों आरोपियों की ओर से जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए तीनों को पर्सनल बॉंड दाखिल करने पर जमानत दे दी है। वहीं आंदोलनकारी का शव गंगनहर में बहाए जाने के मामले सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में आरोपी तत्कालीन थाना प्रभारी एसपी मिश्रा, तत्कालीन थाना प्रभारी ब्रजकिशोर व गजराज ने कोर्ट में पेश होकर अपने वारंट रिकॉल कराए हैं। इस मामले में भी कोर्ट में पेश होने पर तीनों के गैरजामनती वारंट जारी किए गए हैं। दोनों मामले में सुनवाई के लिए 29 नवम्बर की तिथि नियत की गयी है। सीबीआई के लोक अभियोजक ने बताया कि सरकार बनाम ब्रज किशोर मामले में अभियोजन कोर्ट में बहस करेगा। ब्रज किशोर दोनों मामलों में आरोपी है।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 नवम्बर 2024, दिन गुरूवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शु

एक्यूआई 227, प्रदूषण में वेस्ट यूपी में टॉप रहा मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)। नगर में प्रदूषण के जारी रहते आज एक्यूआई 227 पर दर्ज किया गया। इसके चलते आज भी प्रदूषण की स्थिति खराब स्थिति में बनी रही। नगर में प्रदूषण की स्थिति लगातार खराब स्तर पर बनी हुई है। इसके चलते आज भी हवा में धूल और धुआं बना रहा। नगर में आज एक्यूआई 227 पर दर्ज किया गया। आज मेरठ में 215 और नोएडा में 207 एक्यूआई रहा। इससे साफ है कि मुजफ्फरनगर में प्रदूषण वेस्ट यूपी में टॉप पर चल रहा है।

बरेली में छेड़खानी से तनाव, चार नामजद और 40 अज्ञात पर रिपोर्ट

बरेली 27 नवंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बरेली के तहसील मीरगंज के सिरौली रोड पर महिलाओं से छेड़खानी का विरोध करने पर डेयरी संचालक और उनके भाई पर भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में चार लोगों को नामजद और 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गैर इरातन हत्या में एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

- कोर्ट ने तीन आरोपियों को किया साक्ष्य के अभाव में बरी
- कोर्ट ने आरोपी पर लगाया 10 हजार का जुर्माना, वर्ष 2017 की घटना

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। गैर इरातन हत्या के मामले में एक आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर दस हजार का जुर्माना भी किया है। कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया है।

एडीजीसी आशीष त्यागी ने बताया कि शामली जनपद के गांव रामगढ़ निवासी सदाराम 15 जनवरी 2017 को पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसके बेटे धर्मेन्द्र को गांव के ही चमनलाल ने फोन कर अपने घर बुलाया था। कुछ समय पश्चात आरोपी चमनलाल के बेटे सुरेन्द्र ने फोन कर बताया कि उसका बेटा उनके मकान में पड़ा हुआ है आकर उसे उठाकर ले जाए। मौके पर पहुंचे मुकदमा वादी ने बताया कि आरोपी चमनलाल, उसके बेटे सुरेन्द्र व जितेन्द्र, अन्य युवक सिंह उसके बेटे की लाठी डंडों से पिटाई कर रहे हैं। वह गंभीर हालत में बेटे को लेकर अस्पताल में पहुंचा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट नम्बर-2 अंजनी कुमार सिंह की कोर्ट में हुई है। अभियोजन की ओर से सात गवाह पेश किए गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नरेश कुमार त्यागी ने एक गवाह कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात चमनलाल को आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट ने अन्य तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

मकान का ताला तोड़कर चोरों ने किये नकदी व जेवर चोरी

- मकान मालिक परिवार के साथ गया था रिश्तेदारी में
- मीरापुर में चोरों के हौसले बुलंद लगातार दूसरे दिन चोरी को दिया अंजाम

मीरापुर, 27 नवम्बर (बु.)। परिवार के साथ रिश्तेदारी में गये व्यक्ति के घर में घुसकर चोरों ने हजारों रुपए की नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। रिश्तेदारी से वापिस लौटने पर चोरी की जानकारी लगी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है। लगातार दूसरे दिन चोरी की घटना होने से पुलिस में हड़कम्प मच गया।

मीरापुर की एमडी कॉलोनी निवासी शमशाद पुत्र इरशाद ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह मंगलवार की शाम परिवार के साथ अपनी रिश्तेदारी में गया था तथा घर में ताला लगा था। बन्द पड़े घर का लाभ उठाकर अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर के अन्दर प्रवेश कर कमरों के ताले तोड़कर कमरे के अंदर रखे संदूक व सेफ अलमारी से करीब 80 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों की कीमत के सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिए। बुधवार की दोपहर शमशाद घर पर वापस लौटा, तो ताले टूटे हुए मिले व सामान बिखरा हुआ मिला, उसने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मीरापुर पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे हुए कैमरों की फुटेज खंगाली। पीड़ित शमशाद ने बताया कि चोर करीब 80 रुपए की नकदी व लाखों के जेवर चोरी करके ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि मीरापुर क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है तथा चोरों ने लगातार दूसरे दिन चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है।

31 दिसम्बर तक बदले जाएंगे भाजपा के जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष की भी चर्चाएं

- 2027 का चुनाव नए जिलाध्यक्षों की मौजूदगी में ही होगा
- मण्डलाध्यक्ष की आयु पैंतीस से पैंतालीस वर्ष के बीच तथा जिलाध्यक्ष की प्रस्तावित आयु पैंतालीस से साठ वर्ष

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। 2027 के चुनाव से पहले नियमित प्रक्रिया के चलते भाजपा के जिलाध्यक्ष व प्रदेशाध्यक्ष का चयन पुनः होता दिखाई देगा। 16 से 30 दिसम्बर के बीच जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी, जिसके बाद जनवरी में कभी चयनित जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष का चयन भी पुनः होगा, इसमें भी भाजपा तय करेगी कि उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी अपने पद पर बने रहेंगे अथवा चयन प्रक्रिया के दौरान प्रदेश अध्यक्ष को बदला जाएगा। अगले सवा महीने में यह तस्वीर साफ हो जाएगी और 2027 के विधानसभा चुनाव तक इन्हीं जिलाध्यक्षों व प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में यूपी का चुनाव होता दिखाई देगा। जैसे ही जिलाध्यक्षों के बदलने की सुगबुगाहट तेज

हुई तो प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी अब चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा है। सम्भावना जताई जा रही है कि मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष भी चुनावी प्रक्रिया के दौरान बदले जाएंगे। चूंकि प्रदेश अध्यक्ष का बदला जाना भी तय माना जा रहा है, ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष दोनों का मौका नए लोगों को दिया जाना माना जा रहा है। बुधवार को विश्वेश्वैरैया प्रेक्षागृह में आयोजित संगठन की बैठक में तय किया गया कि 28 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। चुनाव के लिए प्रत्येक तीन जिलों के लिए एक केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनेगा वहीं 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक मण्डलाध्यक्षों का चयन भी होगा। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन चुनाव अधिकारी मुनेश बंसल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह एवं संगठन चुनाव अपील समिति के प्रदेश संयोजक राजेन्द्र अग्रवाल की मौजूदगी में कार्यशाला में बूथ समितियों, मण्डल समितियों तथा जिला संगठन के गठन पर बुधवार को चर्चा हुई। उक्त चर्चा के दौरान कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला चुनाव अधिकारी, जिला सहायक चुनाव अधिकारी, जिला सक्रिय सदस्यता सत्यापन अधिकारी समेत मीडिया, सोशल मीडिया तथा आईटी के प्रदेश प्रमुख भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश में ढाई करोड़ से अधिक सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का काम भाजपा का कार्यकर्ता ही कर सकता है। डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने कहा कि हालिया चुनाव में भाजपा की विजय कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही मिली है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मण्डलाध्यक्ष की आयु पैंतीस से पैंतालीस वर्ष के बीच तथा जिलाध्यक्ष की आयु पैंतालीस से साठ वर्ष के बीच होने का मानक रखा गया है।

कस्बा भोकरहेड़ी में किरयाना की दुकान में लाखों की चोरी

मोरना, 27 नवम्बर (बु.)। कस्बा भोकरहेड़ी के मेन बाजार स्थित किरयाना की दुकान में अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखी लाखों की नगदी चुरा ली। चोरी की घटना से कस्बे में सनसनी फैल गई। कस्बे में व्यस्ततम इलाके में चोरी से व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया है। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने घटना की जानकारी ली तथा फोरेंसिक जांच टीम बुलाकर जांच शुरू कर दी है। थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मेन बाजार में रजनीश गर्ग व संजय गर्ग की किरयाने की दुकान है। दुकान के ऊपर ही उनका आवास है, जहां वे अपने परिवार के साथ सो रहे थे। बुधवार की प्रातः 3:30 बजे उन्हें आंगन में कुछ आवाज सुनाई दी। बाहर आकर देखा तो छत में लगा हुआ लोहे का जाल खुला हुआ था तथा जाल से नीचे सबमर्सिबल का पाईप लटका हुआ था, जिससे उतरकर चोर नीचे उतरे थे। रजनीश ने नीचे दुकान में जाकर देखा तो गल्ले में रखे तीन लाख रुपए गायब थे, जब उन्होंने छत पर जाकर देखा, तो ऊपर का दरवाजा खुला हुआ था। शोर सुनकर सभासद राहुल गर्ग, रामबीर सिंह, शुभम, मोहित, अमित, शुभम सहित पास पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गये तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। बुधवार की सुबह क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रवि शंकर मिश्र ने मौके पर फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड बुलाकर घटना की जांच पड़ताल की तथा पीड़ित दुकानदार को जल्द ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। घटना को लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

सपा नेता का आरोप- अपने बचाव के लिए तुर्क और पठान की लड़ाई की बात कर रही पुलिस

लखनऊ, 27 नवंबर (एजेंसी)। यूपी विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी संभल और बहराइच मामलों को विधानसभा में उठाएगी। भाजपा सरकार नफरत की भावना से काम कर रही है। संभल में पुलिस की गोली से चार युवकों की मौत हुई। पुलिस दो तरह के असलहे रखती है। फंसने से बचने के लिए निजी और बरामद असलहों से गोली चलाती है। पुलिस अपने बचाव के लिए तुर्क और पठान की लड़ाई की बात कर रही है। प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल 26 नवंबर को संभल घटना की सच्चाई की जांच और पीड़ित परिवारों से शोक संवेदना प्रकट करने जा रहा था, लेकिन पुलिस ने जाने की अनुमति नहीं दी।

सनरूफ खोलकर बरात में की जा रही आतिशबाजी से आग का गोला बनी कार, दो युवक झुलसे

सहारनपुर, 27 नवंबर (एजेंसी)। बरात की रवानगी के वक्त सनरूफ खोलकर की जा रही आतिशबाजी से गिरी चिंगारी से कार में रखे पटाखों में आग लग गई। इससे आतिशबाजी कर रहा युवक और उसका साथी कार में फंस गए। दूल्हे के भाई जावेद ने अपनी जैकेट चेहरे पर लपेटकर जलती हुई कार में से दोनों युवकों को निकाला। अन्य लोगों की मदद से कार में लगी आग पर काबू पाया। लोग जावेद के साहस की प्रशंसा कर रहे हैं। फतेहपुर थाना क्षेत्र के गांव गंडेवड़ा निवासी अकबर के बेटे मुंतसर की बरात देहरादून के लिए रात के वक्त रवाना हो रही थी। इस दौरान गांव निवासी दो युवक कार की सनरूफ खोलकर आतिशबाजी कर रहे थे। अचानक आतिशबाजी की चिंगारी कार के अंदर गिर गई। कार में भारी मात्रा में पटाखे रखे थे, जिन्होंने आग पकड़ ली। इस अग्निकांड में कार बुरी तरह जल गई। इसी दौरान इस घटनाक्रम का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। तेजी के साथ यह वीडियो वायरल हो रहा है। इसे देखकर लोगों का कहना है कि आतिशबाजी के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए।

अजमेर दरगाह में हिंदू मंदिर होने का दावा!

अजमेर, 27 नवंबर (एजेंसी)। अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में हिंदू शिव मंदिर होने के दावे का वाद बुधवार को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए पक्षकारों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। दिल्ली निवासी हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वादी विष्णु गुप्ता ने विभिन्न साक्ष्य के आधार पर अजमेर दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा पेश किया था। बता दें कि मामले में कल यानी मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी। आज भी न्यायालय में सुनवाई हुई और न्यायालय ने वाद को स्वीकार करते हुए दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहर को नोटिस जारी करने के आदेश जारी करने का फैसला दिया है। वादी विष्णु गुप्ता की ओर से हरदयाल शारदा की ओर से लिखी पुस्तक का हवाला देते हुए वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उन्होंने अजमेर की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा किया है। इस मामले में सुनवाई 20 दिसंबर 2024 को की जाएगी।

हिंदू पक्ष का दावा...

- दरगाह की जमीन पर पहले भगवान शिव का मंदिर था
- मंदिर में पूजा और जलाभिषेक होता था
- याचिका में अजमेर निवासी हर विलास शारदा द्वारा वर्ष 1911 में लिखी पुस्तक का हवाला
- पुस्तक में दरगाह के स्थान पर मंदिर का जिक्र
- दरगाह परिसर में मौजूद 75 फीट लंबे बुलंद दरवाजे के निर्माण में मंदिर के मलबे के अंश
- तहखाने में गर्भगृह होने का प्रमाण बताते चलें, इससे पहले हिंदू सेना की तरफ से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका पेश की गई थी। हालांकि, न्यायाधीश प्रीतम सिंह ने ये कहकर सुनवाई से इनकार कर दिया था कि यह उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। इसके बाद जिला अदालत में याचिका पेश की गई।

बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण की जमानत खारिज होने के बाद वकील सैफुल इस्लाम की हत्या से तनाव

ढाका, 27 नवंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण की जमानत खारिज होने के बाद बांग्लादेश के चटगाँव कोर्ट परिसर में 32 साल के वकील सैफुल इस्लाम की हत्या कर दी गई। भारत और बांग्लादेश के बीच मंगलवार को एक बार फिर से रिश्तों में असहजता सतह पर आ गई। दोनों देशों के बीच शब्दों में वार-पलटवार देखने को मिले। भारत ने बांग्लादेश के चटगाँव में इस्कॉन मंदिर से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी के बाद जेल भेजने और जमानत नहीं मिलने पर बयान जारी किया था। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। इस याचिका में इस्कॉन को 'कट्टरपंथी' संगठन करार दिया गया है और आरोप लगाया गया है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है और सांप्रदायिक अशांति को बढ़ावा देता है। चिन्मय को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

जालन्धर मुठभेड़ : लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, हथियार जब्त

जालंधर, 27 नवंबर (वार्ता) पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने जालंधर छावनी के बाहरी इलाके में एक भीषण गोलीबारी के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो कुख्यात सदस्यों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से तीन हथियार, मैगजीन और कारतूस बरामद किए। पुलिस आयुक्त (सीपी) जालंधर स्वप्न शर्मा ने बुधवार को कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जालंधर के आदमपुर के महादीपुर जट्टान निवासी हरिदर सिह उर्फ ??हिदा और जालंधर के न्यू देओल नगर निवासी सुखमनजीत सिह उर्फ ??सुखमन के रूप में हुई है। दोनों को जालंधर के भारगो कैंप पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर में चल रही जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से पांच हथियार बरामद करने के बाद चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

सीएम योगी बोले 10 दिसंबर तक पूरी हो जाएंगी तैयारियां

लखनऊ, 27 नवंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाकुम्भ-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि भव्य और दिव्य आयोजन की तैयारी एक माह पहले यानि 10 दिसंबर तक पूर्ण हो जाएंगी। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज आएंगे और कई विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ-2025 की तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है। आज एक बार फिर शासन और प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने प्रयागराज महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा की है। चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया है। जैसा कि पिछली बार भी कहा था कि युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही हैं। यद्यपि बरसात एक महीने आगे तक चलने के कारण हम लोग पिछली बैठक के दौरान एक महीना विलंब पर थे, लेकिन इसके बावजूद 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी के बीच प्रयागराज महाकुम्भ का यह आयोजन भव्य और दिव्य रूप से आयोजित कराया जाएगा।

वायरल वीडियो ने चरथावल के सरकारी शराब ठेके की ओवर रेटिंग की खोल दी पोल

चरथावल, 27 नवम्बर (बु.)। देश प्रदेश मे जहाँ भाजपा की सरकार बनने पर सरकारी शराब के ठेकों पर ओवर रेट पर बिकने वाली शराब पर बहुत बड़े पैमाने पर रोक लगी है और देश प्रदेशवासियों को भाजपा सरकार बनने पर ओवर रेट पर शराब खरीदने से मुक्ति मिली है, जबकि पूर्व दिनों मे शराब के ठेके पर जमकर ओवर रेट में ग्राहकों को शराब खरीदनी पड़ती थी और ग्राहकों का जमकर शोषण होता था। शराब ठेको के स्वामी जमकर अपनी मनमानी करते थे और शासन प्रशासन द्वारा जहाँ शराब ठेकों पर ओवर रेट पर शराब बिकने के मामले में बहुत बड़े हद तक रोक लगा दी दे, वहीं चरथावल में शराब ठेको पर ओवर रेट की वीडियो खुलेआम वायरल होने से सारी पोल पट्टी खुल गयी और चरथावल क्षेत्रवासियों को खुलेआम ओवर रेट पर शराब बिकती नजर आयी, जिससे कि चरथावल के सरकारी ठेकों के स्वामियों की कार्यप्रणाली की पोल खुल गयी ओवर रेट का शराब ठेके का वीडियो वायरल होने से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया और वीडियो वायरल से ठेका स्वामियों की क्षेत्र में जमकर फजीहत हुई।

थाने के मुंशी ने महिला की जिंदगी कर दी बर्बाद

मैनपुरी, 27 नवंबर (एजेंसी)। मैनपुरी के सदर कोतवाली में तैनात एक मुंशी ने महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। मंगलवार को पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी कार्यालय में शिकायत करने पहुंची शहर की एक कॉलोनी की रहने वाली महिला ने कोतवाली में तैनात मुंशी पर गंभीर आरोप लगाए। बताया कि तीन दिन पहले मुंशी उनके घर पर आया धमका कर उनके साथ दुष्कर्म किया। मना करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। कुछ दिनों पहले उनकी ओर से एक शिकायत दी गई थी। आरोपी मुंशी ने प्रार्थना पत्र से नंबर लेकर उन्हें धमकाया। तीन दिन धमका कर उनके साथ गलत काम किया। महिला ने यह भी आरोप लगाए कि धमका कर उनके बयान भी बदलवा लिए गए। महिला की ओर से गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद एसपी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

रामराज्य की अवधारणा को आगे बढ़ा रहे योगी : कुमार विश्वास

प्रयागराज, 27 नवम्बर (वार्ता) पूर्व राजनीतिज्ञ और जाने माने कवि डॉ कुमार विश्वास ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारत में ऊर्जा का सबसे आशावादी स्रोत बताया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये डा विश्वास ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस देश में ऊर्जा के सबसे बड़े स्रोत हैं। योगी आदित्यनाथ भरत की तरह से ही रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कुमार विश्वास की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि प्रयागराज ने डॉ कुमार विश्वास को जीवन दिया, दिशा दी। यहां से वे वापस अपनी मातृभूमि गए और वहां से अपना केंद्र बिंदु बनाकर साहित्य जगत में छा गए। कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो डॉ. कुमार विश्वास को न सुनना चाहता हो। उनकी लेखनी ने उन्हें पहचान दिलाई, लेकिन उन्होंने भी विश्वविद्यालय को स्मरण किया।

राकेश टिकैत किसानों से बोले: 'बंटोगे तो कुटोगे'

सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले को देशद्रोही, खलिस्तानी और पाकिस्तानी कहा जा रहा

लखीमपुर खीरी, 27 नवंबर (एजेंसी)। लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में किसान महापंचायत में भाकियू नेता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले दिक्कतें आती थीं तो उनका समाधान भी होता था। आज दिक्कतें हैं, लेकिन समाधान नहीं है। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले को देशद्रोही, खलिस्तानी और पाकिस्तानी कहा जा रहा है। किसान नेता ने खाद संकट समेत बिजली के निजीकरण का मुद्दा भी महापंचायत में उठाते हुए सरकार को घेरा। राकेश टिकैत ने कहा कि देश को बेचने की बड़ी तैयारी चल रही है। साप्ताहिक बाजार भी बंद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के दबाव में विपक्षी दल भी काम कर रहे हैं। विपक्ष वाले भी कुछ नहीं कर रहे। जब तक विपक्ष लाठी नहीं उठाएगा, कुछ नहीं होने वाला। बिजली प्राइवेट हो रही है। आगरा में बिजली प्राइवेट सेक्टर के हाथ में हैं। वे अपने सिस्टम से बिल बना रहे हैं। वहां एक-एक किसान पर 20-20 लाख रुपये बकाया चल रहा है। किसान नेता ने कहा कि आंदोलन करने वाले लोग बोल न पाएं, इसलिए धमकाने का काम हो रहा है। फिर इकट्ठा होना पड़ेगा। आवाज को बुलंद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आपको सरकार लड़ाने का काम करेगी, उससे बचना है। जैसे संभल में हिंसा हुई है। कोर्ट के आदेश पर जांच कमेटी गई। पहले बार में कुछ हुआ नहीं। दोबारा नारेबाजी हुई। इसका मकसद तो बवाल करना है। लोगों का ध्यान बंटे और वह सत्ता पर काबिज रहें। राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार की साजिश है कि किसान इकट्ठे न हों। अलग-अलग हिस्सों में बंटे जाएं। उन्होंने बंटोगे तो कटोगे के जवाब में कहा कि हमने भी नारा दिया कि बंटोगे को कुटोगे। किसान संयुक्त मोर्चा बना हुआ है। जो भी किसान संगठन बने हुए हैं, वो मोर्चे से जुड़ें। बता दें कि मोहम्मदी के नवीन गल्ला मंडी परिसर में किसानों की महापंचायत हुई। इसमें खाद संकट को जोर-शोर से उठाया गया।

घटिया निर्माण सामग्री ने करा दी पालिका की फजीहत

- तीस दिन नहीं चली नवनिर्मित सड़क, फिर से कराया निर्माण
- अब निर्माण ठेकेदार ने सीमेंट कंपनी पर लगाए आरोप

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। तमाम प्रयासों के बावजूद नगरपालिका परिषद में धांधली का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन किसी न किसी कारणवश मीडिया की चर्चा में नगरपालिका का नाम आना आम बात हो गई है। एक ओर नगर को ग्रीन एंड क्लीन करने की दिशा में जुटी पालिका चेयरपर्सन को जहां दिल्ली की कंपनी द्वारा कूड़ा उठाने में विफल साबित होने पर फजीहत का सामना करना पड़ रहा है, वहीं नगरपालिका के कुछ जिम्मेदारों की वजह से कुछ ठेकेदार पालिका प्रशासन को ही चूना लगाने का कार्य कर रहे है। ऐसा ही एक मामला बीते कई दिनों से चर्चा में है, जिसकी वजह से पालिका की फजीहतों के साथ इस गठजोड़ पर कार्रवाई किए जाने की आवाज क्षेत्र में तेजी से उठने लगी है।

जी हां, हम बात कर रहे हैं नगरपालिका परिषद वार्ड संख्या 39 मौहल्ला इन्दिरा कॉलोनी की, जहां गैर जिम्मेदारी के साथ कराए गए निर्माण से पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ अन्य जिम्मेदारों पर सवाल उठ रहे हैं। मौ. इन्दिरा कॉलोनी में बीते माह में करीब 6 से 7 लाख रुपए खर्च करते हुए बनाई गई सीसी रोड 30 दिन भी नहीं चल पायी और जगह-जगह से



टूट गई, जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के अधिकारियों से की। इस मामले में निर्माण विभाग के अधिकारियों ने पालिका ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई। अब उक्त मामले में बुधवार को ठेकेदार द्वारा फजीहत के बाद सड़क को तोड़कर दोबारा से बनाने का कार्य शुरू किया गया। हालांकि वार्ड सभासद रविकांत शर्मा ठेकेदार द्वारा कराए गए निर्माण से अभी तक संतुष्ट दिखाई नहीं दिए और उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष निर्माण कार्य की जांच कराने के साथ सड़क को पुनः बनवाने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए चाहे किसी भी स्तर तक जाना पड़े। नगरपालिका परिषद द्वारा कुछ दिन पूर्व मौहल्ला इन्दिरा कॉलोनी में एक सीसी रोड बनाई गई थी। यह सड़क तीस दिन भी सही से नहीं चल पायी। हांलाकि स्थानीय लोगों ने ठेकेदार के कहे अनुसार सड़क पर पानी का छिड़काव व अन्य व्यवस्था बनाने की हरसंभव कोशिश की। नवनिर्मित सड़क से कुछ दिनों बाद ही बजरी बाहर निकल आयी और सड़क में गड्ढे होने लगे। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने ठेकेदार व अधिकारियों से पूछा तो उन्हें बताया गया कि निर्माण कार्य के दौरान बीच में कुछ निर्माण सामग्री खराब आ गई थी, जिस कारण उक्त सीसी रोड खराब हो गई है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने टूटी सड़क की शिकायत नगरपालिका प्रशासन से की। शिकायत के आधार पर एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने जेई कपिल कुमार को मौके का निरीक्षण करते हुए उक्त सड़क को सहीं कराने के लिए कहा। जेई कपिल कुमार के द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया। सड़क की हालत वास्तव में खस्ता पायी गई। इस मामले में ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई गई। इस बीच बुधवार को ठेकेदार के द्वारा उक्त सड़क को तोड़कर दोबारा से बनाना शुरू किया गया।

इन्होंने कहा-

जेई कपिल कुमार ने बताया कि पालिका के वार्ड 39 मौहल्ला इन्दिरा कालोनी में टूटी सड़क की जांच में शिकायत सही पाये जाने पर ठेकेदार को सुधार कराने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क को उसी धनराशि में ठेकेदार द्वारा पुनः बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क का मुख्य चौराहा होने के कारण यहां पर क्षमता से कहीं अधिक वाहनों के आवागमन होने के कारण सड़क सही नहीं बन पायी है।

उधर, सड़क निर्माण ठेकेदार का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान कुछ सीमेंट खराब आने की संभावनाओं को देखते हुए सड़क में कुछ जगह से टूटने की शिकायत आई है, जिसको फिर से बनाया जा रहा है। वहीं सीमेंट कंपनी से मामले की शिकायत की गई है, उसके अधिकारी इस सड़क निर्माण की जांच कर चुके हैं। चौराहे पर आवागमन रोकने को इस बार अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी, ताकि फिर शिकायत का मौका न मिले।

आवश्यकता है
दी मुजफ्फरनगर नई मण्डी गौशाला (रजि०) मुजफ्फरनगर
सुपरवाईजर- 2 पद
(गायों से सम्बन्धित कार्यो में दक्ष)
वेतन योग्यतानुसार
M:9837035742
9897004742

सपा ने कुंदरकी उपचुनाव को लेकर आयोग से की कार्रवाई की मांग

लखनऊ 27 नवंबर (वार्ता) मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा के उपचुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) ने चुनाव आयोग से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिए ज्ञापन में मांग की है कि 20 नवम्बर कुन्दरकी उपचुनाव में मतदान के दिन वोट डालने से रोकने वाले पुलिस कर्मियों व प्रशासन के लोगों तथा मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिह थाना कुन्दरकी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत, चौकी इंचार्ज राजनाथ सिह, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिह व जयवीर सिह व मैनाठेर के पुलिस थानाध्यक्ष किरण पाल सिह व बिलारी के उपजिलाधिकारी विनय कुमार व खण्ड विकास अधिकारी सहित रिटर्निंग ऑफिसर के विरुद्ध कठोर, दण्डात्मक कार्यवाही की जाए जिससे निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता व निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह न लगे।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर तोड़ ट्रक से टकराई कार; चार डॉक्टरों समेत पांच की मौत

कन्नौज, 27 नवंबर (एजेंसी)। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल हैं। कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ ट्रक से टकरा गई। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के चार डॉक्टरों समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के साढ़े तीन बजे के करीब किलोमीटर संख्या 196 हादसा हुआ। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के चार डॉक्टरों समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग लखनऊ से शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। सुबह 3:43 पर कंट्रो